वार्षिक रिपोर्ट
Annual Report
2012-2013

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय
Ministry of Minority Affairs
भारत सरकार
Government of india

English Tabel F_Layout 1 26/03/13 2:59 PM Page 67

वार्षिक रिपोर्ट

ANNUAL REPORT

2012–13

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय

भारत सरकार

Ministry of Minority Affairs

Government of India

Web-site : www.minorityaffairs.gov.in

विषय सूची

अध्याय सं.	अध्याय शीर्षक	पृष्ठ सं.
	कार्यकारी सारांश	1
1	प्रस्तावना	3-5
2	अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ प्रधानमंत्री का नया 15–सूत्री कार्यक्रम	7-9
3	सच्चर समिति की रिपोर्ट और अनुवर्ती कार्रवाई	11-17
4	अल्पसंख्यक बहुल जिलों (एमसीडी) की पहचान	19-20
5	बहु–क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम की योजना (एमएसडीपी)	21-24
6	मैट्रिक–पूर्व छात्रवृत्ति योजना	25
7	मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना	27
8	मेरिट–सह–साधन आधारित छात्रवृत्ति योजना	29
9	मौलाना आजाद राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति	31
10	निःशुल्क कोचिंग एवं सम्बद्ध योजना	33-34
11	अल्पसंख्यक महिलाओं में नेतृत्व–क्षमता विकास की योजना	35-36
12	प्रचार सहित विकास से जुड़ी योजनाओं का अनुसंधान/अध्ययन, निगरानी और मूल्यांकन	37-38
13	पूर्वोत्तर राज्यों और सिक्किम में अल्पसंख्यक कल्याण कार्यक्रमों/स्कीमों का कार्यान्वयन	39-40
14	राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम की राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों को सहायता–अनुदान की योजना	41
15	आयुक्त भाषायी अल्पसंख्यक	43-44
16	राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग	45-46
17	वक्फ प्रशासन और केन्द्रीय वक्फ परिषद	47-50
18	दरगाह ख्वाजा साहेब अधिनियम, 1955	51
19	राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम (एनएमडीएफसी)	53-54
20	मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठान	55-57
21	जेन्डर विशिष्ट मुद्दे और जेन्डर बजटिंग	59
22	सूचना का अधिकार अधिनियम	61
23	विकलांग व्यक्तियों के लाभार्थ वर्ष के दौरान लिए गए नीतिगत निर्णय और की गई कार्रवाई	63
24	शासकीय लेखापरीक्षा	65
25	परिणाम–ढांचा दस्तावेज, नागरिको सेवार्थियों का चार्टर और शिकायत निवारण तंत्र	67
अनुलग्नक I से XIII		69-105

कार्यकारी सारांश

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की उपलब्धियां

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने वर्ष 2012–13 से (अल्पसंख्यक महिलाओं में नेतृत्व–क्षमता विकास) हेतु योजना का क्रियान्वयन आरंभ किया है। दिनांक 31.12.2012 तक, अल्पसंख्यक महिलाओं में नेतृत्व–क्षमता विकास की योजना के तहत 36950 अल्पसंख्यक महिलाओं को नेतृत्व प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए 12 राज्यों में 64 संगठनों को ₹10.45 करोड़ रु0 की राशि निर्मुक्त की गई है।

- अल्पसंख्यकों से संबंधित विषयों, नामतः अल्पसंख्यक महिलाओं का सशक्तिकरण, बहु–संस्कृतिवाद और कानून; अल्पसंख्यक अधिकारों को समझना, संविधान और कानून; तथा धर्मनिरपेक्षवाद, अल्पसंख्यकों के अधिकार और संविधान के संबंध में क्रमशः अमेठी/सुल्तानपुर, अलीगढ़, देहरादून तथा हैदराबाद में चार राष्ट्र स्तरीय कार्यशालाओं की स्वीकृति।

- मंत्रालय के कार्यक्रमों/योजनाओं के अनुसंधानात्मक अध्ययन, अनुवीक्षण, मूल्यांकन और प्रभाव निर्धारण हेतु दो वर्षों की अवधि के लिए 37 (सैंतीस) विशेषज्ञ अभिकरणों को पैनल में शामिल किया गया है।

- वर्ष 2012–13 के दौरान, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय और राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम (एनएमडीएफसी) के बीच समझौता ज्ञापन को दिनांक 30.08.2012 को लोकसभा में और दिनांक 03.09. 2012 को राज्य सभा में रखा गया था।

- वर्ष 2012–13 (31.12.2012 तक) के दौरान एनएमडीएफसी द्वारा आवधिक ऋण और लघु ऋण के तहत 50737 लाभार्थियों को ₹185.25 करोड़ की निर्मुक्ति की गई।

- दिनांक 31.12.2012 तक, 52.10 लाख मैट्रिक–पूर्व छात्रवृत्तियां प्रदान की गईं तथा ₹592.03 करोड़ की निर्मुक्ति की गई। निर्मुक्त की गईं छात्रवृत्तियों में से, 51.84% छात्रवृत्तियां छात्राओं के लिए निर्मुक्त की गईं थीं।

- दिनांक 31.12.2012 तक, 4.38 लाख मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्तियां प्रदान की गईं तथा ₹248.12 करोड़ की निर्मुक्ति की गई। निर्मुक्त की गईं छात्रवृत्तियों में से, 55.65% छात्रवृत्तियां छात्राओं के लिए निर्मुक्त की गईं थीं।

- दिनांक 31.12.2012 तक, 42,957 मेरिट–सह–साधन आधारित छात्रवृत्तियां प्रदान की गईं तथा ₹111.34 करोड़ की निर्मुक्ति की गईं।

अध्याय–1

प्रस्तावना

1.1 अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय का गठन 29 जनवरी, 2006 को पांच केंद्र अधिसूचित अल्पसंख्यकों अर्थात् मुस्लिम, ईसाई, बौद्ध, सिक्ख एवं पारसियों के कल्याण हेतु, अल्पसंख्यकों से संबंधित मामलों पर बल देने को सुनिश्चित करने और अल्पसंख्यक समुदायों के लाभ के लिए समग्र नीति तैयार करने और योजना, समन्वयन, मूल्यांकन, विनियामक ढांचे, योजनाओं एवं विकास कार्यक्रमों की समीक्षा करने के लिए किया गया था।

1.2 दिनांक 27.10.2012 तक माननीय श्री सलमान खुर्शीद तथा श्री विन्सेंट एच. पाला, अल्पसंख्यक कार्य मत्री तथा अल्पसंख्यक कार्य राज्य मंत्री थे। माननीय श्री के0 रहमान खान और श्री निनोंग ईरींग ने 28 अक्तूबर, 2012 को क्रमशः अल्पसंख्यक कार्य मंत्री तथा अल्पसंख्यक कार्य राज्य मंत्री के कार्यालय का प्रभार ग्रहण किया। मंत्रालय के सचिव के कार्य में सहयोग प्रदान करने हेतु तीन संयुक्त सचिव तथा एक संयुक्त सचिव एवं वित्त सलाहकार (अतिरिक्त प्रभार) हैं। अधिकारियों/कर्मचारियों की स्वीकृत पद संख्या 98 में से 66 अधिकारी/कर्मचारी पदस्थ हैं। मंत्रालय का संगठनात्मक चार्ट **अनुलग्नक–I** तथा पदधारिता विवरण **अनुलग्नक–II** पर दिया गया है।

कार्यों का आबंटन

1.3 भारत सरकार (कार्य आबंटन) नियमावली, 1961 की दूसरी अनुसूची के अनुसार इस मंत्रालय को आबंटित किए गए कार्य इस प्रकार हैं :–

(i) अल्पसंख्यक समुदायों के लिए विनियामक तथा विकास कार्यक्रमों पर समग्र नीति, योजना तैयार करना, समन्वय, मूल्यांकन तथा समीक्षा करना।

(ii) कानून और व्यवस्था से संबंधित मामलों को छोड़कर अल्पसंख्यक समुदायों से संबंधित सभी मामले।

(iii) केन्द्र सरकार के अन्य मंत्रालयों तथा राज्य सरकार के परामर्श से अल्पसंख्यकों के संरक्षण और उनकी सुरक्षा के लिए नीति की पहलें करना।

(iv) भाषायी अल्पसंख्यकों तथा आयुक्त भाषायी अल्पसंख्यक के कार्यालय से संबंधित मामले।

(v) राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम से संबंधित मामले।

(vi) शरणार्थी सम्पत्ति अधिनियम, 1950 (1950 का 31), (अब निरस्त) के प्रशासन के अंतर्गत शरणार्थी वक्फ सम्पत्तियों से संबंधित कार्य।

(vii) एंगलो–इंडियन समुदाय का प्रतिनिधित्व।

(viii) विदेश मंत्रालय के परामर्श से 1955 के पंत–मिर्जा समझौते के अनुसार पाकिस्तान में गैर–मुस्लिम पूजा स्थलों और भारत में मुस्लिम पूजा स्थलों का संरक्षण और परिरक्षण करना।

(ix) विदेश मंत्रालय के परामर्श से पड़ोसी देशों में अल्पसंख्यक समुदायों से संबंधित प्रश्न।

(x) धार्मिक और धर्मार्थ संस्थान, विभाग में निपटाए जा रहे विषयों से संबंधित धर्मार्थ एवं धार्मिक स्थायी निधि।

(xi) मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठान सहित अल्पसंख्यकों, अल्पसंख्यक संगठनों के सामाजिक–आर्थिक, सांस्कृतिक तथा शैक्षिक स्थिति से संबंधित मामले।

(xii) वक्फ अधिनियम, 1995 (1995 का 43) और केन्द्रीय वक्फ परिषद।

(xiii) दरगाह ख्वाजा साहेब अधिनियम, 1955 (1955 का 36)

(xiv) राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम सहित अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए कार्यक्रमों और परियोजनाओं का वित्त प्रबंध।

(xv) अल्पसंख्यकों के लिए केन्द्रीय और राज्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के साथ–साथ निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर।

(xvi) अन्य संबंधित केन्द्रीय मंत्रालयों और राज्य सरकारों के साथ परामर्श करके अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और संरक्षण से संबंधित उपाय करना।

(xvii) धार्मिक और भाषायी अल्पसंख्यकों के मध्य सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से पिछड़े वर्गों के लिए राष्ट्रीय आयोग।

(xviii) अल्पसंख्यकों के लिए प्रधानमंत्री का नया 15–सूत्री कार्यक्रम।

(xix) अल्पसंख्यक समुदायों से संबंधित कोई अन्य विषय।

सांविधानिक, सांविधिक और स्वायत्त निकाय

1.4 इस मंत्रालय के निम्नलिखित सांविधानिक/सांविधिक/स्वायत्त निकाय आदि हैं :–

(i) आयुक्त भाषायी अल्पसंख्यक (सीएलएम)।

(ii) राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग (एनसीएम)।

(iii) केन्द्रीय वक्फ परिषद (सीडब्ल्यूसी)।

(iv) राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम (एनएमडीएफसी)।

(v) मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठान (एमएईएफ)।

(vi) दरगाह ख्वाजा साहेब, अजमेर।

अधिनियमों का प्रशासन

1.5 यह मंत्रालय निम्नलिखित अधिनियमों के प्रशासन और कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार है :–

(i) दरगाह ख्वाजा साहेब अधिनियम, 1955

(ii) राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, 1992

(iii) वक्फ अधिनियम, 1995

राजभाषा का प्रयोग

1.6 मंत्रालय द्वारा सभी महत्वपूर्ण आदेश व अधिसूचनाएं द्विभाषी रूप में जारी की गई। मंत्रालय में 1 से 15 सितम्बर, 2012 के दौरान हिन्दी पखवाड़े का आयोजन किया गया। पखवाड़े के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं तथा पुरस्कार भी वितरित किए गए। माननीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री की अध्यक्षता में मंत्रालय की हिन्दी सलाहकार समिति का गठन कर लिया गया है। कर्मचारियों को अपना रोज़मर्रा का कार्य हिंदी में करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु दिनांक 16.11.2012 को कार्यशाला का आयोजन किया गया।

सतर्कता एकक

1.7 श्री वाई. पी. सिंह, संयुक्त सचिव को अंशकालिक मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) नियुक्त किया गया है। उनके इस कार्य में सहयोग प्रदान करने के लिए एक उप सचिव तथा एक अवर सचिव हैं, जो अपने नियमित कार्यों के अतिरिक्त इन कार्यों को भी देख रहे हैं। मंत्रालय में 25 अक्तूबर से 1 नवम्बर, 2012 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय एकता सप्ताह

1.8 मंत्रालय में देशभक्ति, सांप्रदायिक सद्भाव और एकता की भावना विकसित करने के लिए 19 से 25 नवम्बर, 2012 तक कौमी एकता सप्ताह (राष्ट्रीय एकता सप्ताह) मनाया गया।

ई–गवर्नेंस

1.9 मंत्रालय की वेबसाइट यूआरएल www.minorityaffairs.gov.in पर है। मंत्रालय के कार्यकलापों और उसके कार्यक्रमों/स्कीमों, अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ प्रधानमंत्री के नये 15–सूत्रीय कार्यक्रम एवं भारत में मुस्लिम समुदाय की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति पर उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट से संबंधित सूचना तथा उन पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई, राष्ट्रीय धार्मिक तथा भाषाई अल्पसंख्यक आयोग की रिपोर्ट, विविधता सूचकांक पर विशेषज्ञ दल की रिपोर्ट, समान अवसर आयोग पर विशेषज्ञ दल की रिपोर्ट, भारत में अल्पसंख्यकों का भौगोलिक वितरण में अड़चनों के संबंध में, अन्तर–मंत्रालयीन कृत्यक बल की रिपोर्ट, सम्बद्ध संगठन, निविदा सूचनाएं, रोजगार संबंधी विज्ञापन, प्रेस विज्ञप्तियां, बहु–क्षेत्रीय विकास योजना के अंतर्गत किये गये कार्यों के फोटोग्राफ, प्रगति रिपोर्टें और आंकड़े आदि से संबंधित आधारिक सूचनाएं उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। विभिन्न योजनाओं के अधीन जिन छात्रों को छात्रवृत्तियां प्रदान की गयी हैं, उनके नाम भी वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। छात्रों की सहायतार्थ छात्रवृत्ति योजना के विस्तृत ब्यौरे के अतिरिक्त, बार–बार पूछे गए विभिन्न प्रश्नों को भी वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिया गया है। वेबसाइट की विषय–वस्तु को लगातार अद्यतन किया जाता है।

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

1.10 इस अधिनियम के अधीन, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय में केन्द्रीय जन सूचना प्राधिकारी के रूप में नौ पदनामित अधिकारी तथा तीन संयुक्त सचिवगण पदनामित अपीलीय अधिकारी हैं।

बजट

1.11 बारहवीं पंचवर्षीय योजना (2012–17) में इस मंत्रालय को विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों के लिए ₹17,323 करोड़ के परिव्यय का आबंटन किया गया है। वर्ष 2012–13 के बजट अनुमान में ₹3135 करोड़ के योजनागत बजट का प्रावधान किया गया था, जिसे वर्ष 2012–13 के संशोधित अनुमान में घटाकर ₹2200 करोड़ कर दिया गया था। वर्ष 2012–13 के बजट अनुमान में ₹19.70 करोड़ के गैर–योजनागत बजट का प्रावधान किया गया था, जिसे बाद में 2012–13 के संशोधित अनुमान स्तर पर घटाकर ₹18.26 करोड़ कर दिया गया था। बारहवीं योजना की योजना/कार्यक्रमवार परिव्यय, बजट अनुमान, संशोधित अनुमान तथा वर्ष 2012–13 (31 दिसम्बर, 2012 तक) के दौरान वास्तविक व्यय को दर्शाने वाला विवरण **अनुलग्नक–III** में दिया गया है।

फाइल ट्रैकिंग प्रणाली

1.12 मंत्रालय में, नवम्बर, 2010 से फाइल ट्रैकिंग प्रणाली कार्यरत है। इस प्रणाली के लिए सॉफ्टवेयर राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (एनआईसी) द्वारा विकसित किया गया था। इस सॉफ्टवेयर के माध्यम से मंत्रालय की फाइलों की एक स्तर से दूसरे स्तर तक के संचलन की स्थिति पर निगरानी रखी जा सकती है, मंत्रालय में प्राप्त सभी पत्रों की प्राप्ति और उनके निस्तारण और उन पर की गई कार्रवाई संबंधी विवरण प्राप्त किए जा सकते हैं।

अध्याय–2

अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ प्रधानमंत्री का नया 15–सूत्री कार्यक्रम

2.1 अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ प्रधानमंत्री के नए 15–सूत्री कार्यक्रम की घोषणा जून, 2006 में की गई। इसमें निश्चित लक्ष्य के साथ कार्यक्रम विशिष्ट क्रियाकलापों का प्रावधान है, जिसे निर्धारित समय–सीमा में प्राप्त किया जाना होता है। इस कार्यक्रम के उद्देश्य हैं – (क) शिक्षा के अवसरों को बढ़ाना; (ख) वर्तमान तथा नयी योजनाओं के माध्यम से आर्थिक क्रियाकलापों और रोजगार में अल्पसंख्यकों के लिए समुचित भागीदारी, स्व–रोजगार के लिए ऋण सहायता में वृद्धि और केन्द्र व राज्य सरकार की नौकरियों में भर्ती सुनिश्चित करना; (ग) अवसंरचना विकास योजना से जुड़ी योजनाओं में अल्पसंख्यकों की समुचित भागीदारी सुनिश्चित कर उनके जीवन स्तर में सुधार लाना; और (घ) सांप्रदायिक असामंजस्य तथा हिंसा का निवारण और नियंत्रण करना।

2.2 इस नए कार्यक्रम का महत्वपूर्ण उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि अल्पसुविधाप्राप्त लोगों के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ अल्पसंख्यक समुदायों के वंचित वर्गों तक पहुंचे। यह सुनिश्चित करने के लिए कि इन योजनाओं के लाभ अल्पसंख्यकों तक समान रूप से पहुंचें, नए कार्यक्रम में इन विकास परियोजनाओं के कुछ भाग को अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में अवस्थित करने की परिकल्पना की गई है। इसमें यह भी प्रावधान है कि जहां कहीं संभव हो, विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लक्ष्यों और परिव्ययों का 15% अल्पसंख्यकों के लिए निर्धारित किया जाना चाहिए।

2.3 इस कार्यक्रम के लक्षित समूह में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, 1992 की धारा 2(ग) के अंतर्गत अधिसूचित अल्पसंख्यकों में पात्र वर्ग हैं– मुस्लिम, ईसाई, सिक्ख, बौद्ध और पारसी। राज्यों में जहां राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, 1992 की धारा 2(ग) के अंतर्गत अधिसूचित अल्पसंख्यक समुदायों में से एक समुदाय वास्तव में, अधिसंख्य में है, विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत वास्तविक/वित्तीय लक्ष्य केवल अन्य अधिसूचित समुदायों के लिए निर्धारित होंगे। ये राज्य/संघ राज्य क्षेत्र हैं – जम्मू और कश्मीर, पंजाब, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और लक्षद्वीप।

2.4 इस कार्यक्रम के कार्यान्वयन के प्रगति की निगरानी मासिक आधार पर प्रत्येक संबंधित मंत्रालय/विभाग द्वारा की जाती है। केन्द्रीय स्तर पर, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा इसकी समग्र प्रगति की समीक्षा अन्य मंत्रालयों के नोडल अधिकारियों के साथ तिमाही आधार पर की जाती है। इस कार्यक्रम के प्रगति की समीक्षा सचिवों की समिति द्वारा 6 माह में एक बार की जाती है तथा उसके बाद केंद्रीय मंत्रिमंडल को एक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाती है। मंत्रिमंडल द्वारा इस नए कार्यक्रम की जून, 2006 में शुरूआत के बाद से कार्यक्रम के प्रगति की समीक्षा सात बार की जा चुकी है। दिशानिर्देशों में की गई परिकल्पना के अनुसार राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रगति की निगरानी के लिए राज्य स्तरीय समितियां गठित करनी होती हैं। इसी प्रकार जिला स्तर पर भी ऐसे ही तंत्र की परिकल्पना की गई है।

2.5 नए 15 सूत्रीय कार्यक्रम में शामिल एवं निर्धारण योग्य योजनाओं की सूची इस प्रकार है :–

- एकीकृत बाल विकास सेवा योजना (आईसीडीएस) जिसके तहत आंगनवाड़ी केन्द्रों के माध्यम से सेवाएं प्रदान की जाती हैं (महिला एवं बाल विकास मंत्रालय)
- सर्व शिक्षा अभियान (एसएसए) और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय योजना (केजीबीवी) (मानव संसाधन विकास मंत्रालय)

- आजीविका (ग्रामीण विकास मंत्रालय)
- स्वर्णजयंती शहरी रोजगार योजना (आवास एवं शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय)
- औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का उन्नयन (श्रम एवं रोजगार मंत्रालय)
- प्राथमिकता क्षेत्र ऋण के अंतर्गत बैंक ऋण (वित्तीय सेवा विभाग)
- इन्दिरा आवास योजना (ग्रामीण विकास मंत्रालय)

वर्ष 2012–13 के दौरान, (30 सितम्बर, 2012 की अवधि तक) योजनाओं की उपलब्धियां नीचे दर्शायी गई हैं –

क्रम सं0	योजना का नाम एवं संबंधित मंत्रालय/विभाग	उपलब्धि(वास्तविक)
1.	सर्व शिक्षा अभियान (एसएसए) स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग	
(i)	निर्मित उच्च प्राइमरी स्कूलों की संख्या	40
(ii)	निर्मित अतिरिक्त कक्षा–कक्षों की संख्या	17267
(iii)	खोले गए नए प्राथमिक स्कूलों की संख्या	78
(iv)	खोले गए नए उच्च प्राथमिक स्कूलों की संख्या	116
(v)	शिक्षकों की स्वीकृत संख्या	6034
2.	आजीविका के तहत सहायता प्रदत्त स्वरोजगारी। ग्रमीण विकास मंत्रालय	12283
3.	इंदिरा आवास योजना के तहत सहायता प्रदत्त गरीबी रेखा से नीचे के परिवार। ग्रमीण विकास मंत्रालय	269770
4.	स्वर्ण जंयती शहरी रोजगार योजना के तहत सहायता प्रदत्त लाभार्थी (एसजेएसआरवाई)। आवास एवं शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय	
(i)	शहरी स्व–रोजगार कार्यक्रम के तहत इंडिविजुवल एंटरप्राइजेज (यूएसईपी)	2996
(ii)	शहरी निर्धनों में रोजगार को बढ़ावा देने के लिए कौशल प्रशिक्षण (स्टेप–अप)	15462
5.	एकीकृत बाल विकास योजना के तहत आंगनवाड़ी केन्द्रों का संचालन। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय	2098

क्रम सं0	योजना का नाम एवं संबंधित मंत्रालय/विभाग	उपलब्धि (वित्तीय) (करोड़ ₹ में)
1.	इंदिरा आवास योजना : ग्रामीण विकास मंत्रालय	644.48
2.	स्वर्ण जंयती शहरी रोजगार योजना : आवास एवं शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय	4.97
3.	आईटीआई को उत्कृष्टता केन्द्र के रूप में उन्नत किया जाना : श्रम एवं रोजगार मंत्रालय	8.08
4.	प्राथमिकता श्रेत्र ऋण : वित्तीय सेवाएं विभाग	171,960.71

कुल प्राथमिक क्षेत्र ऋण में से अल्पसंख्यकों को प्राथमिक क्षेत्र ऋण (पीएसएल) के प्रतिशत में वर्ष 2007–08 में 10.61% से सितम्बर, 2012 में 15.01% की सतत् वृद्धि हुई है।

2.6 वर्ष 2012–13 के दौरान, प्रधानमंत्री के नए 15 सूत्री कार्यक्रम के तहत शामिल की गयी उन योजनाओं की उपलब्धियां, जिनके तहत अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में विकास परियोजनाओं के लिए धनराशि प्रवाह/लाभ की निगरानी रखी जाती है, नीचे दर्शायी गयी हैं :–

क्रम सं0	योजना का नाम एवं संबंधित मंत्रालय/विभाग	उपलब्धि (वित्तीय) कवर किए गए अल्पसंख्यक बहुल नगरों/शहरों की संख्या और स्वीकृत परियोजना लागत।
1.	शहरी निर्धनों को आधारभूत सेवाएं : आवास एवं शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय	17 नगरों के लिए ₹7254.84 करोड़
2.	समन्वित आवास एवं स्लम विकास कार्यक्रम : आवास एवं शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय	103 शहरों/नगरों के लिए ₹2235.83 करोड़
3.	राष्ट्रीय ग्रामीण पेय जल कार्यक्रम (एनआरडीडब्ल्यूपी): पेय जल आपूर्ति विभाग (डीडब्ल्यूएस)	अल्पसंख्यक बहुल आबादी वाले जिलों में 1713 परिवारों को कवर करने हेतु कुल स्वीकृति 371.05 करोड़ रु0।

2.7 कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा यह सूचित किया गया है कि वर्ष 2010–11 के दौरान 70 मंत्रालयों/विभागों, 121 सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय संस्थानों आदि ने 23,569 अल्पसंख्यक अभ्यर्थियों की भर्ती की है, जो की गई कुल भर्ती का 11.55% बनता है। कुल भर्ती में अल्पसंख्यक अभ्यर्थियों का प्रतिशत वर्ष 2006–07 में 6.93% की तुलना में वर्ष 2010–11 में बढ़कर 11.55% हो गया है।

2.8 प्रधानमंत्री के नए 15 सूत्रीय कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए निगरानी तंत्र को सुदृढ़ किया गया है। वर्ष 2009 में, सरकार ने अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ प्रधानमंत्री के नए 15 सूत्रीय कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए राज्य स्तरीय समिति में लोक सभा से दो सांसद और राज्य सभा से एक सांसद को शामिल करने तथा राज्य सरकार द्वारा विधान सभा के दो विधायकों को नामित करने की मंजूरी दी थी। तथापि, राज्य स्तरीय समिति में शामिल किए गए सदस्यों में लोक सभा के एक तथा विधान सभा के सदस्य को उन राज्यों के किसी भी अल्पसंख्यक बहुल जिले में से चुना हुआ होना चाहिए, जिनमें अल्पसंख्यक बहुल जिले हैं। प्रधानमंत्री के नए 15 सूत्रीय कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए जिला स्तरीय समिति के संबंध में, राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले राज्य सभा के एक सदस्य जिसे केन्द्र सरकार द्वारा नामित किया जाएगा, के अलावा उस जिले के सभी संसद सदस्य और विधायक इस जिला स्तरीय समिति में शामिल किए जाएंगे।

अध्याय–3

सच्चर समिति की रिपोर्ट और अनुवर्ती कार्रवाई

भारत में मुस्लिम समुदाय की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के लिए आंकड़े/जानकारी एकत्र करने के लिए न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) राजिन्द्र सच्चर की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय समिति ने दिनांक 17 नवम्बर, 2006 को अपनी रिपोर्ट (सच्चर समिति की रिपोर्ट के रूप में प्रसिद्ध) प्रस्तुत की। यह रिपोर्ट 30 नवम्बर, 2006 को संसद के दोनों सदनों में पेश की गई। सरकार ने सच्चर समिति की अनुशंसाओं पर कई निर्णय लिए और इस संबंध में एक विवरण दिनांक 31.08.2007 को संसद के दोनों सदनों में रखा गया।

सच्चर समिति की अनुशंसाओं पर अनुवर्ती कार्रवाई के संबंध में सरकार द्वारा लिए गए निर्णयों पर कार्यान्वयन की स्थिति इस प्रकार है :–

3.1 वित्तीय सेवाएं विभाग :

अल्पसंख्यकों को आसानी से ऋण सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से, निम्नलिखित उपाय किए गए हैं :–

(i) सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों को निदेश दिए गए हैं कि वे अल्पसंख्यक बहुल आबादी वाले जिलों में अधिक शाखाएं खोलें। वर्ष 2007–08 से ऐसे जिलों में 5954 शाखाएं खोली गईं। वर्ष 2012–13 के दौरान, 30 सितम्बर, 2012 तक 288 शाखाएं खोली गई हैं।

(ii) भारतीय रिजर्व बैंक ने अल्पसंख्यक समुदायों को ऋण सुविधा प्रदान करने हेतु प्राथमिकता क्षेत्र ऋण संबंधी अपने मास्टर सर्कुलर को 2 जुलाई, 2012 को संशोधित किया है। दिनांक 30 सितम्बर, 2012 की स्थिति के अनुसार ₹1,71,960.71 करोड़ का ऋण अल्पसंख्यकों को प्रदान किया गया, जो कुल प्राथमिकता क्षेत्र ऋण का 15.01% है।

(iii) प्रमुख बैंकों की जिला परामर्शी समितियां (डीसीसी) अल्पसंख्यकों के ऋण आवेदनों के निस्तारण और उन्हें अस्वीकार किए जाने के कार्य पर नियमित मॉनीटरिंग कर रही हैं।

(iv) महिलाओं में लघु वित्त ऋण को बढ़ावा देने के लिए, वर्ष 2012–13 में सितम्बर, 2012 तक अल्पसंख्यक महिलाओं के 6,00,285 खाते खोले गए तथा ₹3702.99 करोड़ का लघु ऋण दिए गए।

(v) सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों द्वारा अल्पसंख्यक बहुल ब्लॉकों/जिलों/नगरों में जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं। वर्ष 2012–13 में सितम्बर, 2012 तक ऐसे क्षेत्रों में 4146 जागरूकता अभियान चलाए गए।

(vi) अग्रणी बैंकों द्वारा अल्पसंख्यक बहुल ब्लॉकों/जिलों/नगरों में सितम्बर, 2012 तक 1911 उद्यमिता विकास कार्यक्रम आयोजित किए गए और लाभार्थियों की संख्या 33751 है।

3.2 मानव संसाधन विकास मंत्रालय :

सच्चर समिति द्वारा यथा इंगित मुस्लिम समुदाय के शैक्षिक पिछड़ेपन की समस्या के समाधान हेतु एक बहु–आयामी कार्यनीति अपनाई गई है। अल्पसंख्यकों का शैक्षिक सशक्तिकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, सरकार ने कई उपायों की शुरूआत की है, जैसा कि नीचे दिया गया है :–

(क) कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय योजना के तहत शैक्षिक रूप से पिछड़े ब्लॉकों के मानदण्ड को 1 अप्रैल, 2008 से संशोधित किया गया है, ताकि 30% से कम ग्रामीण महिला साक्षरता वाले ब्लॉकों तथा राष्ट्रीय औसत से नीचे के महिला साक्षरता वाले शहरी क्षेत्रों (53.67% : वर्ष 2001 की जनगणना) को योजना में शामिल किया जा सके। योजना के तहत, वर्ष 2012–13 के दौरान, 9 विद्यालयों के लक्ष्य की तुलना में 3 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय अल्पसंख्यक बहुल जिलों में हैं।

(ख) माध्यमिक स्तर पर गुणवत्तापरक शिक्षा सुलभ कराने के लिए राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान को स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना के तहत अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में सरकारी स्कूल खोले जाने को वरीयता देने की परिकल्पना की गई है। राज्य सरकारों को सलाह दी गयी है कि वे योजना के तहत प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान करते समय अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में नए स्कूलों की स्थापना/स्कूलों के उन्नयन को प्राथमिकता दें।

(ग) देश के शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े 374 जिलों में एक–एक मॉडल कॉलेज स्थापित किए जाएंगे। शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े 374 जिलों में से 67 जिले अभिज्ञात अल्पसंख्यक बहुल जिलों में हैं।

(घ) सब–मिशन ऑन पालीटेक्नीक्स के तहत अ–सेवित और अल्प–सेवित जिलों में पालिटेक्निक्स स्थापित किए जाने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को वित्तीय सहायता दी जाती है। योजना के तहत अल्पसंख्यक बहुल 90 जिलों में से 57 जिले विचारार्थ पात्र हैं। अब तक 57 जिलों में से 49 जिलों में पालिटेक्निक्स की स्थापना के लिए आरम्भिक अनुदान के रूप में ₹291.06 करोड़ की राशि जारी की गई है।

(ङ) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अल्पसंख्यक विशेषकर, मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में कालेजों और विश्वविद्यालयों में और अधिक बालिका छात्रावासों की व्यवस्था करने को वरीयता दी जाती है। यूजीसी ने अल्पसंख्यक बहुल जिलों/क्षेत्रों में 285 महिला छात्रावासों की स्वीकृति प्रदान की है तथा 27 सितम्बर, 2012 तक ₹203.69 करोड़ रू0 की राशि निर्मुक्त की है।

(च) क्षेत्र गहन और मदरसा आधुनिकीकरण कार्यक्रम को संशोधित कर दो योजनाओं में बांटा गया है। 11वीं पंचवर्षीय योजना में मदरसों में गुणवत्तापरक शिक्षा उपलब्ध कराने की योजना (एसपीक्यूईएम) की शुरूआत की गई थी। इसमें शिक्षकों को बेहतर वेतन प्रदान करने तथा पुस्तकों, शिक्षण सामग्रियों और कम्प्यूटरों के लिए अधिक सहायता प्रदान करने और व्यावसायिक विषयों की शुरुआत करने आदि जैसे आकर्षक प्रावधान शामिल है। वर्ष 2012–13 के दौरान, 4568 मदरसों तथा 9720 शिक्षकों की सहायता के लिए ₹175 करोड़ के बजट प्रावधान की तुलना में 30 सितम्बर, 2012 तक ₹80.62 करोड़ की राशि निर्मुक्त की गई है। दूसरी योजना, जो सहायता–प्राप्त/सहायता–रहित अल्पसंख्यकों के निजी संस्थानों में अवसंरचना विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने संबंधी है, की भी 11वीं पंचवर्षीय योजना में शुरूआत की गई थी। वर्ष 2012–13 के दौरान, 123 संस्थानों की सहायता के लिए ₹50.00 करोड़ के बजटीय परिव्यय की तुलना में 30 सितम्बर, 2012 तक ₹15.34 करोड की राशि निर्मुक्ति की गयी हैं।

(छ) परिवर्ती उच्चत्तर शिक्षा प्राप्त करने के लिए, राज्य मदरसा बोर्डों द्वारा, जिनके प्रमाण–पत्रों और अर्हताओं को तत्संबंधी राज्य बोर्डों द्वारा समकक्ष माना गया है, जारी प्रमाण–पत्रों को केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई), कॉउंसिल ऑफ बोर्ड ऑफ स्कूल एजूकेशन इन इंडिया (सीओबीएसई) अथवा/और किसी अन्य स्कूल परीक्षा बोर्ड के समकक्ष माना जाएगा।

(ज) तीन केन्द्रीय विश्वविद्यालयों नामतः अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय, जामिया मिलिया इस्लामिया

विश्वविद्यालय, नई दिल्ली और मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय, हैदराबाद में उर्दू माध्यम के अध्यापकों के व्यावसायिक उन्नयन हेतु अकादमियां स्थापित की गईं हैं। 11वीं योजना के दौरान, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा तीनों अकादमियों को हरेक को 4 करोड़ रु0 की राशि मंजूर की गई थी। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय ने उर्दू माध्यम में आधुनिक विषयों को पढ़ाने के लिए 416 शिक्षकों को शामिल करते हुए प्राथमिक/माध्यमिक स्कूलों के लिए 17 पुनश्चर्या पाठ्यक्रमों/कार्यशालाओं का आयोजन किया। जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय की अकादमी ने 1675 तथा मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय ने 3083 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया।

(झ) संशोधित योजना के तहत, ऐसे किसी क्षेत्र के सरकारी स्कूल में उर्दू शिक्षकों की नियुक्ति हेतु वित्तीय सहायता दी जाती है, जिस क्षेत्र में उर्दू बोलने वालों की आबादी 25% से अधिक हो। वित्तीय सहायता राज्य/सरकार के स्कूलों में नियुक्त उर्दू शिक्षकों के लिए प्रचलित वेतन ढांचे पर आधारित होगी। अंश–कालिक उर्दू शिक्षकों को मानदेय भी स्वीकार्य है।

(ञ) राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों को मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में समुदाय आधारित जागरूकता अभियान चलाने की सलाह दी गई है। 410 पात्र जिलों में से 372 जिलों में, जहां वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार वयस्क महिला साक्षरता दर 50 प्रतिशत या इससे नीचे है, साक्षर भारत क्रियान्वित किया जा रहा है। साक्षर भारत के अंतर्गत, मुस्लिम बहुल 88 जिलों में से 61 जिलों को शामिल किया गया है।

(ट) संशोधित योजनाओं में जन शिक्षण संस्थानों की परिकल्पना की गई है। वर्तमान में, देश में मुस्लिम बहुल 88 जिलों में से 33 जिलों में जन शिक्षण संस्थानों के माध्यम से व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

(ठ) वर्ष 2008–09 से देश के सभी क्षेत्रों में मध्याह्न भोजन योजना लागू की गई है तथा इसमें उच्चतर प्राथमिक स्कूलों को भी शामिल किया गया है। मुस्लिम बहुल आबादी वाले ब्लॉकों को योजना के तहत शामिल किया जा रहा है।

(ड) सभी राज्य सरकारों/संघ राज्य प्रशासनों को विद्यमान स्कूल भवनों और सामुदायिक भवनों को स्कूली बच्चों के लिए अध्ययन केन्द्र के रूप में प्रयोग में लाने की सलाह दी गई है।

(ढ) राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा राष्ट्रीय पाठ्यक्रम की रूपरेखा – 2005 (एनसीएफ) के आलोक में सभी कक्षाओं के लिए पाठ्यपुस्तकें तैयार की गई हैं। 14 राज्यों ने एनसीएफ, 2005 के अनुसार अपने पाठ्यक्रमों को संशोधित कर लिया है, जबकि 9 राज्य ऐसा करने की प्रक्रिया में हैं। 10 राज्य/संघ राज्य क्षेत्र पड़ोसी राज्यों की पाठ्यपुस्तकों अथवा एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों का प्रयोग करते हैं।

(ण) अल्पसंख्यकों, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के सामाजिक अपवर्जन और समावेशी नीति के अध्ययन हेतु 35 विश्वविद्यालयों ने अध्ययन केन्द्रों की शुरूआत की है।

3.3 अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय :

(क) समान अवसर आयोग की कार्य प्रणाली और संरचना संबंधी अध्ययन और अनुशंसा के लिए गठित विशेषज्ञ दल ने अपनी रिपोर्ट 13 मार्च, 2008 को सौंपी। विविधता सूचकांक की अवधारणा को समान अवसर आयोग में शामिल किया गया है। समान अवसर आयोग के प्रारूप विधेयक पर संबंधित अन्य मंत्रालयों/विभागों से परामर्श किया जा रहा है। मंत्रालयों/विभागों से प्राप्त टिप्पणियों की जांच की गई है तथा समान अवसर आयोग विधेयक का संशोधित मसौदा विधि एवं न्याय मंत्रालय को पुनरीक्षा हेतु भेजे जाने के लिए तैयार किया जा रहा है।

(ख) लोक सभा द्वारा यथा पारित वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2010, दिनांक 31.8.2010 को राज्य सभा की प्रवर

समिति को भेजा गया। राज्य सभा की प्रवर समिति की वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2010 से संबंधित रिपोर्ट राज्य सभा के पटल पर दिनांक 16.12.2011 को रखी गयी। वक्फ (संशोधन) विधेयक का मसौदा मंत्रालयों/विभागों राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों को उनकी टिप्पणियां मंगाने के लिए परिचालित किया गया था। प्राप्त टिप्पणियों की जांच की गई है और वक्फ (संशोधन) विधेयक से संबंधित मंत्रिमंडल नोट 8 फरवरी, 2013 को मंत्रिमंडल के विचारार्थ भेजा गया है।

(ग) सरकार ने राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम (एनएमडीएफसी) के पुनर्गठन को "सिद्धान्ततः" स्वीकृति प्रदान कर दी है। निगम के पुनर्गठन संबंधी ब्यौरे तैयार करने हेतु एक कंसल्टेन्सी फर्म को नियुक्त किया गया था। फर्म ने रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी थी, जिसकी मंत्रालय में जांच की गई। सचिव (अ0 का0) तथा आरबीआई, नाबार्ड के अधिकारियों को मिलाकर गठित समिति ने एनएमडीएफसी के पुनर्गठन के प्रस्ताव को अंतिम रूप दिया तथा ईएफसी ज्ञापन तैयार किया जा रहा है।

(घ) अल्पसंख्यक बहुल अभिज्ञात 338 नगरों के विकास हेतु उपयुक्त कार्यनीति और कार्य योजना तैयार करने के लिए गठित अंतरमंत्रालयीन कार्य दल द्वारा 08 नवम्बर, 2007 को रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। संबंधित मंत्रालयों/विभागों को इन 338 नगरों में अपनी योजनाओं को कार्यान्वित करने को प्राथमिकता देने की सलाह दी गई है।

(ङ) अल्पसंख्यक समुदाय के लिए तीन छात्रवृत्ति योजनाएं नामतः – पहली से दसवीं कक्षा के लिए मैट्रिक–पूर्व छात्रवृत्ति योजना, 11वीं से पीएच0डी तक की शिक्षा के लिए मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना और पूर्व–स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के व्यावसायिक और तकनीकी पाठ्यक्रमों के लिए मेरिट–सह–साधन आधारित छात्रवृत्ति योजना शुरू की गई है। इन योजनाओं के तहत, वर्ष 2012–13 में दिनांक 31 दिसम्बर, 2012 तक अल्पसंख्यक समुदाय के 55.56 लाख छात्रों को छात्रवृत्तियां प्रदान करने के लिए ₹879.06 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई।

(च) मौलाना आजाद अध्येतावृत्ति योजना, जो एम0फिल तथा पीएचडी छात्रों के लिए शुरू की गई है, के तहत यूजीसी द्वारा 2266 नई अध्येतावृत्तियों और 2268 पूर्ववर्ती मामलों के नवीकरण के लिए ₹141.40 करोड़ रु0 की मंजूरी दी गई है। वर्ष 2012–13 के दौरान, ₹66 करोड़ रु0 की निधियां यूजीसी को निर्मुक्त की गई हैं।

(छ) मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठान की योजनाओं के तहत, वर्ष 2007–08 से, 419 गैर–सरकारी संगठनों को शैक्षणिक संस्थानों के अवसंरचना विकास हेतु सहायता–अनुदान दिया गया है और कक्षा–XI और XII की मेधावी छात्राओं को 48471 छात्रवृत्तियां प्रदान की गईं। वर्ष 2012–13 के दौरान, 31.12.2012 तक 94 शैक्षणिक संस्थानों को ₹12.46 करोड़ का सहायता–अनुदान प्रदान किया गया था।

(ज) वर्ष 2006–07 में संशोधित कोचिंग एवं संबद्ध योजना की शुरूआत हुई थी। वर्ष 2012–13 के लिए 6000 अभ्यर्थियों को कोचिंग देने के लक्ष्य की तुलना में 31 जनवरी, 2013 तक अल्पसंख्यक समुदायों से संबद्ध 4896 छात्रों/अभ्यर्थियों को ₹9.33 करोड़ की राशि की वित्तीय सहायता दी गयी।

(झ) वर्ष 2008–09 में 90 अभिज्ञात अल्पसंख्यक बहुल जिलों में बहु–क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम (एमएसडीपी) की शुरुआत की गई। हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, असम, मणिपुर, बिहार, मेघालय, झारखंड, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, ओडिशा, महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल, उत्तराखंड, मिजोरम, जम्मू और कश्मीर, दिल्ली, मध्य प्रदेश, सिक्किम और अरूणाचल प्रदेश राज्यों के 90 अल्पसंख्यक बहुल जिलों की योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई तथा 11वीं योजना के दौरान राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों को ₹893.84 करोड़ की योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई तथा दिनांक 31 दिसम्बर, 2012 तक ₹504.94 करोड़ की निधियां निर्मुक्त की गईं।

3.4 सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय :

सामाजिक–धार्मिक समुदायों के लिए विभिन्न समाजिक–आर्थिक और आधारभूत सुविधा मानदंडों से संबंधित आंकड़े संकलित करने के लिए सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय में एक राष्ट्रीय डाटा बैंक स्थापित किया गया है। जनसंख्या संबंधी 37 तालिकाओं (जनगणना 2001 तथा जनगणना 2011) का प्रथम सैट सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है और आंकड़े अपलोड किए जा रहे हैं।

3.5 योजना आयोग :

(क) उचित एवं सुधारात्मक नीतिगत निर्णय लेने के लिए एकत्र किए गए आंकड़ों के विश्लेषण हेतु योजना आयोग में स्वायत्त आकलन एवं निगरानी प्राधिकरण स्थापित किया गया था। चूंकि दिनांक 15 जनवरी, 2011 को आकलन एवं निगरानी प्राधिकरण का कार्यकाल समाप्त हो गया, इसलिए योजना आयोग ने आकलन एवं निगरानी प्राधिकरण का पुनर्गठन किया और नवपुनर्गठित आकलन एवं निगरानी प्राधिकरण ने कुछ बैठकें आयोजित की हैं। कार्यनीति तैयार करने के लिए, योजना आयोग ने तीन कार्य समूहों का गठन किया है। **कार्यसमूह** I तथा **कार्यसमूह** II की दो बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं तथा उनकी रिपोर्टों का **कार्यसमूह** III द्वारा उसकी अनुशंसायें तैयार करने हेतु अनुसरण किया जाएगा।

(ख) योजना आयोग में कौशल विकास कार्य में तेजी लाने के लिए एक विस्तृत सांस्थानिक तंत्र स्थापित किया गया है ताकि अल्पसंख्यकों सहित देश भर के कौशल विकास से जुड़ी अवश्यकताओं की पूर्ति की जा सके। इसमें राष्ट्रीय कौशल विकास परिषद, राष्ट्रीय कौशल विकास समन्वयन बोर्ड तथा राष्ट्रीय कौशल विकास निगम शामिल हैं। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने सूचित किया है कि एनसीवीटी से मान्यता प्राप्त 1453 आईटीआई/आईटीसी अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में हैं, जिनमें 2,28,840 सीटों की क्षमता है।

3.6 कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग :

(क) कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग द्वारा अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए सरकारी कर्मचारियों की जानकारी हेतु एक प्रशिक्षण माड्यूल विकसित किया गया है। ये माड्यूल प्रशिक्षण के लिए केन्द्रीय/राज्य प्रशिक्षण संस्थानों को भेजे गये हैं।

(ख) कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने राज्य सरकारों और संघ राज्य–क्षेत्रों को सलाह दी है कि वे मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में थानों में मुस्लिम पुलिस कार्मिक तथा मुस्लिम स्वास्थ्य कार्यकर्ता और शिक्षकों की तैनाती करें। गृह मंत्रालय, मानव संसाधन विकास मंत्रालय तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने भी दिशा–निर्देश जारी कर राज्यों/संघ राज्यों से ऐसी ही कार्रवाई करने की सलाह दी है।

3.7 गृह मंत्रालय :

(क) परिसीमन अधिनियम की समीक्षा के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति ने सच्चर समिति की रिपोर्ट में परिसीमन योजनाओं के तहत सुरक्षित चुनाव क्षेत्रों में खामियों के संदर्भ में व्यक्त चिंताओं पर विचार किया है तथा अपनी रिपोर्ट सौंप दी है।

(ख) राष्ट्रीय सलाहकार परिषद के कार्यसमूह द्वारा "साम्प्रदायिक एवं लक्षित हिंसा निवारण (न्याय एवं क्षतिपूर्ति तक पहुंच) विधेयक, 2011" शीर्षक से विधेयक का प्रारूप तैयार किया है। परिषद द्वारा विधेयक को दिनांक 25.7.2011 को गृह मंत्रालय को भेजा गया है। विधेयक के प्रारूप की समीक्षा गृह मंत्रालय द्वारा की जा रही है।

3.8 शहरी विकास मंत्रालय और आवास एवं गरीबी उपशमन मंत्रालय :

जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन (जेएनएनयूआरएम), लघु एवं मध्यम नगरों में शहरी अवसंरचना विकास की योजना (यूआईडीएसएसएमटी), समेकित आवास एवं स्लम विकास कार्यक्रम (आईएचएसडीपी) तथा शहरी गरीबों के लिए आधारभूत सेवायें (बीएसयूपी) के तहत अल्पसंख्यक बहुल नगरों और शहरों में धनराशि के प्रवाह के आवश्यक उपाय किए गए हैं, ताकि ऐसे नगरों से संबंधित विस्तृत परियोजना रिपोर्ट में अल्पसंख्यकों के लिए पर्याप्त प्रावधान शामिल हों।

(क) आईएचएसडीपी के तहत 30 सितम्बर, 2012 तक ₹2235.83 करोड़ लागत की परियोजनायें अल्पसख्यक बहुल आबादी वाले 103 नगरों के लिए स्वीकृत की गई हैं।

(ख) बी0 एस0 यू0 पी0 के तहत, 17 नगरों के लिए ₹7254.84 करोड़ स्वीकृत किए गए हैं (30 सितम्बर, 2012 तक)।

(ग) उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, पंजाब, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, लक्षद्वीप, पुडूचेरी और केरल राज्य सरकारों को वक्फ बोर्ड परिसंपत्तियों पर किराया नियंत्रण अधिनियम से छूट दी गई है, जबकि अरूणाचल प्रदेश और नागालैंड राज्यों ने सूचित किया है कि उनके राज्य में वक्फ परिसंपत्ति नहीं है।

3.9 श्रम और रोजगार मंत्रालय :

असंगठित क्षेत्र में, जिसमें अन्य के साथ–साथ गृह आधारित कामगार शामिल हैं, कामगारों को सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए संसद द्वारा एक अधिनियम पारित किया गया है।

3.10 संस्कृति मंत्रालय :

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधीन आने वाली वक्फ परिसंपत्तियों की सूची की समीक्षा के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के परिमंडलों की राज्य वक्फ बोर्डों के साथ बैठकें आयोजित की गयी हैं।

3.11 स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय :

अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण से जुड़ी योजनाओं से संबंधित सूचनाओं का प्रचार–प्रसार क्षेत्रीय भाषाओं में किया जा रहा है।

3.12 पंचायती राज मंत्रालय :

पंचायती राज मंत्रालय तथा शहरी विकास मंत्रालय द्वारा राज्य सरकारों को स्थानीय निकायों में अल्पसंख्यकों के प्रतिनिधित्व की स्थिति में सुधार लाने की सलाह दी गई है।

पंचायती राज मंत्रालय द्वारा प्रस्तुत की गयी सूचना के अनुसार उत्तराखंड, केरल, पश्चिम बंगाल और लक्षद्वीप राज्यों/संघ राज्यों में जिला और पंचायत स्तर पर अल्पसंख्यकों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के प्रावधान विद्यमान हैं। हिमाचल प्रदेश और ओडिशा राज्य सरकारों ने सूचित किया है कि यह मामला विचाराधीन है।

शहरी विकास मंत्रालय ने सूचित किया है कि केरल, पश्चिम बंगाल और हरियाणा राज्य सरकारों ने दिशा–निर्देशों को क्रियान्वित कर दिया है।

3.13 सूचना और प्रसारण मंत्रालय :

सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा नियमित रूप से अल्पसंख्यक कल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर फिल्म–चित्र जारी किए जाते रहे हैं। इन फिल्म–चित्रों में छात्रवृत्ति योजनाओं तथा सच्चर समिति रिपोर्ट के अनुसरण में की गई पहलों से संबंधित जानकारी शामिल की गयी है।

अध्याय–4
अल्पसंख्यक बहुल जिलों (एमसीडी) की पहचान

4.1 वर्ष 1987 में, वर्ष 1971 की जनगणना के आधार पर किसी जिले में 20 प्रतिशत अथवा इससे अधिक की अल्पसंख्यक आबादी मात्र के एकल मानदंड के आधार पर अल्पसंख्यक बहुल 41 जिलों की सूची तैयार की गई थी, ताकि इन जिलों में सरकारी कार्यक्रमों और योजनाओं पर विशेष बल दिया जा सके।

4.2 सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ समाज के सापेक्ष रूप से पिछड़े वर्गों तक पहुंचाया जाना सुनिश्चित करने के लिए, यह निर्णय लिया गया था कि वर्ष 2001 की जनगणना में अल्पसंख्यक आबादी और पिछड़ेपन के मानदंडों के आधार पर जिलों की पहचान की जाय। इसलिए, वर्ष 2001 की जनगणना में पिछड़ेपन के मानकों तथा जनसंख्या संबंधी आंकड़ों के आधार पर नए सिरे से कार्य किया गया :

जिला स्तर पर धर्म–विशिष्ट सामाजिक–आर्थिक संकेतक :

(i) साक्षरता दर;
(ii) महिला साक्षरता दर;
(iii) कार्य में भागीदारी दर; और
(iv) महिलाओं द्वारा कार्य में भागीदारी दर

जिला स्तर पर आधारभूत सुविधा संकेतक –

(i) पक्की दीवार वाले मकानों की प्रतिशतता;
(ii) स्वच्छ पेयजल वाले मकानों की प्रतिशतता;
(iii) विद्युत सुविधा वाले मकानों की प्रतिशतता; और
(iv) जल सुविधा युक्त शौचालय वाले मकानों की प्रतिशतता

4.3 यद्यपि, समग्र साक्षरता और कार्य भागीदारी दर में महिला साक्षरता और कार्य भागीदारी को शामिल किया गया है, फिर भी इन पर अलग–अलग विचार किया जाना महत्त्वपूर्ण होगा, क्योंकि ये विकास स्तर मुख्यतः जेन्डर इक्विटी के स्वतंत्र संकेतक का निर्माण करती है।

4.4 अल्पसंख्यक बहुल जिलों की पहचान का कार्य निम्नानुसार किया गया है :–

(i) (क) 29 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में कुल आबादी के कम से कम 25% अल्पसंख्यक आबादी वाले जिलों की पहचान की गई।

(ख) 29 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 5 लाख से अधिक अल्पसंख्यक आबादी वाले जिलों और 20% से अधिक किन्तु 25% से कम अल्पसंख्यक आबादी वाले जिलों की पहचान की गई।

(ग) अल्पसंख्यक समुदाय की बहुलता वाले 6 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में उन जिलों की पहचान की गई जिनमें अल्पसंख्यक आबादी 15% तक है तथा अल्पसंख्यक समुदाय बहुलता में है, किन्तु वे राज्य/संघ राज्य क्षेत्र अल्पसंख्यक समुदाय की दृष्टि से बहुसंख्यक हैं।

(ii) इसके बाद, "पिछड़ेपन" के संदर्भ में इन जिलों की स्थिति का मूल्यांकन सामाजिक–आर्थिक और आधारभूत सुविधा संकेतकों के दो मानकों को ध्यान में रखकर किया गया। वर्ष 2007 में, वर्ष 2001 की जनगणना में पिछड़ेपन के मानकों और जनसंख्या संबंधी आंकड़ों के आधार पर अल्पसंख्यक बहुल 90 जिलों, जहां अल्पसंख्यकों की अच्छी खासी आबादी है तथा जो सामाजिक–आर्थिक और आधारभूत सुविधा संकेतक की दृष्टि से राष्ट्रीय औसत से नीचे और अपेक्षाकृत पिछड़े हैं, की पहचान की गई। अल्पसंख्यक बहुल 90 जिलों में से 53 जिलों को "ए" श्रेणी में रखा गया है। "ए" श्रेणी के जिले सामाजिक–आर्थिक और आधारभूत सुविधा मानक दोनों दृष्टि से पिछड़े हैं। शेष 37 जिले "बी" श्रेणी में हैं जिनमें से 20 जिले सामाजिक–आर्थिक मानदंड की दृष्टि से और 17 जिले आधारभूत सुविधा मानदंड की दृष्टि से पिछड़े हैं। इन्हें क्रमशः उपश्रेणी "बी1" और "बी2" में रखा गया है। इन जिलों की सूची **अनुलग्नक–IV (क), IV (ख) और IV (ग)** में है।

4.5 अल्पसंख्यक बहुल आबादी वाले 90 जिलों की पहचान–कार्य को अनुमोदित करते समय सरकार ने विशेष क्षेत्र विकास कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए निर्देश दिया था।

4.6 अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों पर विशेष ध्यान केंद्रित करने और अन्य पात्र क्षेत्रों को लाभ प्रदान करने के लिए मंत्रालय का 12वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान, अल्पसंख्यक बहुल आबादी वाले ब्लॉकों और नगरों की पहचान करने का प्रस्ताव है।

4.7 इन जिलों में 'अपर्याप्त विकास' के निर्धारण के लिए भारतीय समाज विज्ञान अनुसंधान संस्थान (आईसीएसएसआर), नई दिल्ली को आधारभूत सर्वेक्षण करने का कार्य सौंपा गया था। आईसीएसएसआर, नई दिल्ली से सम्बद्ध अनुसंधान संस्थानों द्वारा सर्वेक्षण कार्य किया गया है।

अध्याय–5

बहु–क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम की योजना (एमएसडीपी)

5.1 बहु–क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम (एमएसडीपी) वर्ष 2008–09 में शुरू किया गया था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए आधारभूत सुविधा के सामाजिक–आर्थिक मानदंडों में सुधार लाना तथा अल्पसंख्यक बहुल जिलों (एमसीडी) में असंतुलन को कम करना है। अभिनिर्धारित "अपर्याप्त विकास" की समस्या का समाधान जिला विशिष्ट योजनाओं के माध्यम से स्कूल और माध्यमिक शिक्षा, स्वच्छता, पक्के मकानों, पेयजल और विद्युत आपूर्ति के लिए बेहतर अवसंरचना के प्रावधान के साथ–साथ आय सृजक गतिविधियों के लिए लाभार्थी उन्मुख योजनाओं के माध्यम से किया जाता है। विकास प्रक्रिया को गति देते हुए आय सृजक गतिविधियों और जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए अपेक्षित सम्पर्क सड़क, आधारभूत स्वास्थ्य अवसंरचना, समन्वित बाल विकास सेवा केन्द्र, कौशल विकास और विपणन सुविधा आदि जैसे नितांत आवश्यक और अवसंरचना शृंखला को योजना के तहत शामिल किया गया है। इस कार्यक्रम के तहत अल्पसंख्यक बहुल 90 जिलों के ग्रामीण और अर्द्धग्रामीण क्षेत्रों पर ध्यान दिया जाता है।

बहु–क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम के अंतर्गत, खानपुर घाटी, मेवात में स्कूल के निर्माण हेतु स्थल का निरीक्षण।

मंत्रालय के कार्यक्रम के योजनाओं के कार्यान्वयन की समीक्षा हेतु डीआरडीए भवन, मेवात में सार्वजनिक बैठक।

5.2 इस कार्यक्रम का कार्यान्वयन राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों में अल्पसंख्यक कार्य/कल्याण कार्य से जुड़े विभाग द्वारा किया जाता है। बहु–क्षेत्रीय विकास योजना के कार्यान्वयन के लिए जहां कहीं तंत्र स्थापित किया जाता है, पंचायती राज संस्थाओं/शहरी स्थानीय निकायों को शामिल किया जाता है। तथापि, राज्य यह निर्णय ले सकता है कि परियोजना का संचालन अर्हता प्राप्त, ख्याति प्राप्त और अनुभव प्राप्त एजेंसी के साथ–साथ विख्यात एवं स्वीकार्य गैर–सरकारी संगठनों के माध्यम से कराए, जिसके औचित्य से संबंधित विवरण का उल्लेख प्रस्ताव में किया जाना चाहिए। यह सुनिश्चित करना राज्य सरकार/संघ राज्य प्रशासन का दायित्व है कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रस्तावित परिसंपत्तियों के संचालन हेतु उन्हें अपेक्षित स्टॉफ मुहैया कराए जाएं।

5.3 जहां तक संभव होता है, कार्यक्रम के तहत उपयुक्त सामाजिक–आर्थिक अवसंरचना उपलब्ध कराने पर बल दिया जाता है, न कि व्यक्तिगत लाभार्थी को लक्षित करने पर। यदि कार्यक्रम के तहत व्यक्तिगत लाभार्थियों के लिए योजनाओं को शुरू किया जाता है तो जिले में गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों की सूची से लाभार्थियों के चयन हेतु वर्तमान मानकों का कड़ाई से अनुपालन करना होगा ताकि अतिरिक्त धनराशि से गरीबी रेखा से नीचे के सभी परिवारों को लाभ हो, न कि केवल चयनित अल्पसंख्यक समुदाय के परिवारों को।

5.4 सम्बद्ध राज्य सरकार/संघ राज्य प्रशासन को वित्तीय सहायता दो किश्तों में 100% अनुदान आधार पर स्वीकृत की जाती है, जो स्वीकृत अनुमोदित योजना के अनुसार की गई संतोषजनक प्रगति से जुड़ी होती है। कार्यक्रम के तहत राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों को धनराशि केवल स्वीकृत जिला विकास योजनाओं के आधार पर जारी की जाती है। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा सहायता प्रदान करने हेतु एक बार प्रस्ताव के अनुमोदित हो जाने पर पहली किश्त जारी की जाती है। राज्य का हिस्सा, जहां कहीं लागू हो, राज्य सरकार द्वारा दिया जाता है।

निगरानी तंत्र

5.5 अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ प्रधानमंत्री के नए 15–सूत्री कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित राज्य स्तरीय समिति तथा उपायुक्त/कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति इस कार्यक्रम के लिए समितियों के रूप में कार्य करेगी। जिला स्तरीय समिति अल्पसंख्यक बहुल जिलों के लिए विकास योजना तैयार करेगी। जिला और राज्य स्तरीय दोनों समितियां यह सुनिश्चित करेंगी कि योजनाओं की द्विरावृत्ति नहीं है, निधि का विचलन नहीं है और इस कार्यक्रम की धनराशि योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए पर्याप्त है।

5.6 अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय में 'अधिकार–प्राप्त समिति' योजनाओं के तहत परियोजनाओं का आकलन और अनुमोदन करती है। अधिकार–प्राप्त समिति केन्द्र स्तर पर निगरानी समिति के रूप में भी कार्य करती है तथा कार्यक्रम के कार्यान्वयन की निगरानी करती है। अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ प्रधानमंत्री के नए 15–सूत्री कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित राज्य स्तरीय समिति भी कार्यक्रम के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र स्तर पर निगरानी समिति का कार्य करती है।

राष्ट्रीय और क्षेत्रीय सम्मेलन

5.7 11वीं पंचवर्षीय योजना की निष्पादन की समीक्षा करने तथा 12वीं पंचवर्षीय योजना की रणनीति एवं कार्यक्रमों को भी बनाने के उद्देश्य से अल्पसंख्यक कल्याण विभाग का कार्य देख रहे राज्यों के मंत्रियों का एक राष्ट्रीय सम्मेलन दिनांक 07 तथा 08 जून, 2012 को आयोजित किया गया था। इस सम्मेलन का उपयोग 12वीं योजना के दौरान कार्यान्वित की जाने वाली योजनाओं और कार्यक्रमों को अंतिम रूप देने के लिए राज्य सरकारों के साथ परामर्शन हेतु एक मंच के रूप में भी किया गया था।

5.7.1 इसके अलावा, राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र के अधिकारियों के साथ दिनांक 16.08.2012 को एक सम्मेलन आयोजित किया गया। साथ ही, बहु–क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम का बेहतर और त्वरित कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए पटना, लखनऊ, कोलकाता में क्षेत्रीय सम्मेलन भी आयोजित किए गए थे।

बहु–क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम के अंतर्गत, मेवात में स्कूल के निर्माण स्थल पर सार्वजनिक बैठक।

कार्यान्वयन की स्थिति

5.8.1 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान बहु–क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम के कार्यान्वयन हेतु ₹3780 करोड़ आबंटित किए गए थे। 31 मार्च, 2012 तक 90 अल्पसंख्यक बहुल जिलों में ₹3733.90 करोड़ के परियोजना प्रस्ताव अनुमोदित किए गए थे और 31 मार्च, 2012 तक राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को ₹2935.93 करोड़ निर्मुक्त किए गए थे। यह कार्यक्रम 2012–13 के दौरान जारी रखा गया है। ₹893.85 करोड़ की परियोजनाएं अनुमोदित की गई हैं और 2012–13 के दौरान दिसम्बर, 2012 तक राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को ₹504.94 करोड़ निर्मुक्त किए गए हैं। अल्पसंख्यक बहुल जिलों में बहु–क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए अक्तूबर, 2008 से, जब पहली बार धनराशि जारी की गयी थी, बजटीय प्रावधान, जारी की गयी धनराशि और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा संसूचित व्यय के ब्यौरे नीचे की सारणी में दिए गए हैं :–

(करोड़ ₹ में)

		व्यय		उपयोग	
वर्ष	**संशोधित अनुमान**	**अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा**	**प्रतिशत**	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा**	**प्रतिशत**
2008–09	280	270.85	96.73	269.24	99.41
2009–10	990	971.94	98.18	848.50	87.30
2010–11	1327.32	913.23	68.80	603.94	66.14
2011–12	1136.36	779.91	68.63	107.71′	13.81
2012–13 (31 दिसम्बर, 2012 तक)	535.20	504.94	94.34	12.74′′	2.52
योग	–	**3440.87**	**80.60**	**1842.13**	**53.54**

′′वर्ष 2011–12 के दौरान, निर्मुक्त निधियों के उपयोग प्रमाण–पत्र राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से मार्च, 2013 तक नियत है।

′′वर्ष 2012–13 के दौरान, निर्मुक्त निधियों के उपयोग प्रमाण–पत्र राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से मार्च, 2014 तक नियत है।

5.8.2 31 मार्च, 2012 तक अनुमोदित की गई परियोजनाओं के कार्यान्वयन में हुई प्रगति निम्नलिखित है:–

एमएसडीपी के अंतर्गत अनुमोदित कार्य की मदें	अनुमोदित ईकाइयों की संख्या	पूर्ण किए गए कार्य (सी)	प्रगति में कार्य (डब्ल्यूआईपी)	(सी)+(डब्ल्यूआईपी) का %
इंदिरा आवास योजना	301221	168370	37416	68.31%
स्वास्थ्य सुविधाएं सीएचसी, पीएचसी, पीएचसीएस, प्रसूति गृह	2531	1411	579	78.62%
आंगनवाड़ी केंद्र	27595	14927	5335	73.42%
पेयजल आपूर्ति हैंडपम्प, कुएं, पाईप वाटर	35775	18094	2564	57.74%
शिक्षा ➢अतिरिक्त कक्षा–कक्ष ➢स्कूल भवन ➢छात्रावास का निर्माण	13508 662 334	6234 237 44	2887 350 114	67.52% 88.67% 47.30%
	14504	6515	3351	68.02%
कौशल उन्नयन आईटीआई/पालिटेक्निक संस्थानों का निर्माण/उन्नयन	71 आईटीआई 31 पालिटेक्निक	3 –	16 15	26.76% 48.38%

इसके अतिरिक्त, 8019 इंदिरा आवास योजना के मकान, 144 स्वास्थ्य केंद्र, 1790 आंगनवाड़ी केंद्र, 15165 पेयजल आपूर्ति कार्य, 27 स्कूल भवन, 918 अतिरिक्त कक्षा–कक्ष, 102 छात्रावास, 39 आईटीआई और 12 पोलिटेक्निक, वर्ष 2012–13 के दौरान दिसम्बर, 2012 तक अनुमोदित किए जा चुके हैं।

5.9 12वीं पंचवर्षीय योजना की ओर कदमः

11वीं पंचवर्षीय योजना में कार्यक्रम के कार्यान्वयन के अनुभव और विभिन्न स्रोतों से मिली प्रतिपुष्टि के आधार पर मंत्रालय कार्यक्रम को अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में और अन्य सुपात्र क्षेत्रों जैसे अल्पसंख्यक बहुल नगर/शहरों में और अधिक प्रभावी और केंद्रित करने की प्रक्रिया में है।

अध्याय–6

मैट्रिक–पूर्व छात्रवृत्ति योजना

6.1 अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों के लिए मैट्रिक–पूर्व छात्रवृत्ति योजना को 30 जनवरी, 2008 को स्वीकृति मिली थी। यह योजना 1 अप्रैल, 2008 से केन्द्र और राज्य के मध्य 75:25 के अनुपात में वित्तीय भागीदारी से एक केन्द्र प्रायोजित योजना के रूप में शुरू की गई थी। इस योजना के अंतर्गत संघ राज्य क्षेत्रों को 100% केन्द्रीय सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना का कार्यान्वयन राज्य सरकारों/संघ राज्य प्रशासनों के माध्यम से होता है। मैट्रिक–पूर्व छात्रवृत्ति प्राप्त करने के लिए पात्र छात्रों को पिछली परीक्षा में कम से कम 50% अंक प्राप्त किए होने चाहिए तथा उनके माता–पिता/अभिभावक की वार्षिक आय ₹1.00 लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए।

6.2 बारहवीं पंचवर्षीय योजना (2012–17) के दौरान 2 करोड़ नई छात्रवृत्तियां प्रदान करने और नवीकरण हेतु ₹5000 करोड़ के परिव्यय का प्रावधान किया गया है। 30% छात्रवृत्तियां छात्राओं के लिए निर्धारित हैं। वर्ष 2012–13 (31.12.2012 तक) के दौरान ₹592.03 करोड़ की राशि जारी की गई तथा 52.10 लाख छात्रवृत्तियां प्रदान की गईं। इनमें से 51.84 प्रतिशत छात्रवृत्तियां छात्राओं के लिए थीं।

6.3 मंत्रालय का यह सतत प्रयास रहा है कि छात्रवृत्ति योजनाओं में पारदर्शिता की स्थिति में सुधार लाया जाए। इस प्रयोजन के लिए मंत्रालय की वेबसाइट पर प्रत्येक छात्रवृत्ति योजनाओं के संबंध में बार–बार पूछे जाने वाले प्रश्नों और उनके उत्तरों को अपलोड कर दिया गया है। इसी प्रकार, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में प्रदान की गयी छात्रवृत्तियों की सूची को उनकी वेबसाइट पर अपलोड किया जा रहा है। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के वेबसाइटों को मंत्रालय की वेबसाइट www.minorityaffairs.gov.in से जोड़ा गया है। मंत्रालय की वेबसाइट पर सूचनाओं को नियमित तौर पर अद्यतन किया जाता है। छात्रों की सहायतार्थ एक हेल्पलाइन की व्यवस्था की गयी है, जो कार्य दिवसों के दिन कार्य करती है।

6.4 इस योजना के तहत राज्य–वार एवं समुदाय–वार वास्तविक एवं वित्तीय उपलब्धियों के ब्यौरे **अनुलग्नक–V** में हैं।

अध्याय–7

मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना

7.1 अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों के लिए मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना की शुरूआत नवम्बर, 2007 में 100ः केन्द्रीय वित्तीय सहायता वाली केन्द्र प्रायोजित योजना के रूप में हुई थीं, जिसका कार्यान्वयन राज्य सरकारों/संघ राज्य प्रशासनों के माध्यम से होता है। यह छात्रवृत्ति केवल भारत में सरकारी उच्चतर माध्यमिक स्कूल/कॉलेज तथा आवासीय सरकारी उच्चतर माध्यमिक स्कूल/कॉलेज तथा संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य प्रशासन द्वारा पारदर्शी ढंग से अधिसूचित चुनिंदा एवं पात्र निजी संस्थानों में अध्ययन के लिए दी जाती है। पिछली अंतिम परीक्षा में कम से कम 50% अंक प्राप्त किए ऐसे छात्र छात्रवृत्ति के लिए पात्र हैं जिनके माता–पिता/संरक्षकों की वार्षिक आय ₹2 लाख से अधिक न हो। 30ः छात्रवृत्तियां छात्राओं के लिए निर्धारित है। यदि पर्याप्त संख्या में छात्राएं उपलब्ध नहीं होती हैं, तो छात्रवृत्तियां पात्र छात्रों को प्रदान कर दी जाती हैं।

7.2 12वीं पंचवर्षीय योजना (2012–17) की योजना अवधि के दौरान 25 लाख नई छात्रवृत्तियां प्रदान करने और नवीकरण के लिए ₹2850.00 करोड़ के परिव्यय का प्रावधान किया गया है। वर्ष 2012–13 (31.12.2012 तक) के दौरान, 3.03 लाख छात्रवृत्तियां प्रदान करने के लिए ₹175.69 करोड़ की राशि निर्मुक्त की गई है। इनमें से 55.65% छात्रवृत्तियां छात्राओं के लिए थीं।

7.3 राज्य–वार एवं समुदाय–वार वास्तविक एवं वित्तीय दोनों उपलब्धियों के ब्यौरे **अनुलग्नक– VI** पर हैं।

अध्याय–8

मेधा–सह–साधन आधारित छात्रवृत्ति योजना

8.1 मेरिट–सह–साधन आधारित छात्रवृत्ति योजना केन्द्र प्रायोजित योजना है, जो वर्ष 2007 में शुरू की गयी थी। इसका कार्यान्वयन राज्य सरकारों/संघ राज्य प्रशासनों के माध्यम से किया जा रहा है। इसका संपूर्ण व्यय केन्द्र सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है। उपयुक्त प्राधिकरण से मान्यता–प्राप्त संस्थानों में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर की व्यावसायिक और तकनीकी पाठ्यक्रमों में अध्ययन करने वालों को छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती हैं। इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक वर्ष छात्रवृत्तियों के नवीकरण के अतिरिक्त 60,000 छात्रवृत्तियां प्रदान करने का प्रस्ताव है।

8.2 छात्रवृत्तियों में से 30% छात्रवृत्तियां छात्राओं के लिए निर्धारित हैं। पर्याप्त संख्या में पात्र छात्राओं के अनुपलब्ध होने पर इनका उपयोग छात्रों द्वारा किया जा सकता है।

8.3 इस योजना के तहत व्यावसायिक एवं तकनीकी पाठ्यक्रमों के लिए 85 संस्थानों को सूचीबद्ध किया गया है। इन संस्थानों में प्रवेश प्राप्त अल्पसंख्यक समुदाय के पात्र छात्रों को पूरे पाठ्यक्रम शुल्क की प्रतिपूर्ति की जाती है। अन्य संस्थानों में अध्ययन कर रहे छात्रों को ₹20,000/– वार्षिक की दर से पाठ्यक्रम शुल्क की प्रतिपूर्ति की जाती है।

8.4 छात्रवृत्ति प्राप्ति के लिए पात्रता यह है कि छात्र को उपयुक्त प्राधिकरण से मान्यताप्राप्त किसी भी तकनीकी अथवा व्यावसायिक संस्थान में प्रवेश लिया होना चाहिए। यदि छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा दिए बिना प्रवेश मिल गया हो तो उन्हें 50: से कम अंक अर्जित किया हुआ नहीं होना चाहिए। परिवार की सभी स्रोतों से वार्षिक आय ₹2.50 लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए।

उपलब्धि

8.5 इस योजना की शुरूआत के समय से 31 दिसम्बर, 2012 तक की वास्तविक और वित्तीय उपलब्धि इस प्रकार रही –

वर्ष	लक्ष्य	वास्तविक रूप से स्वीकृत छात्रवृत्तियों की संख्या				धनराशि (करोड़ ₹में)
		नये	नवीकरण	योग	छात्राओं को दी गई छात्रवृत्तिया (%)	
2007–08 (शुरू)	20,000	17258	0	17258	5009 (29.02%)	40.90
2008–09	35,000	17099	9096	26195	8660 (33.06%)	64.73
2009–10	42,000	19285	16697	35982	11684 (32.47%)	97.51
2010–11	55,000	19518	21538	41056	14077 (34.29%)	108.75
2011–12	55,000	19505	22929	42476	15640 (36.82%)	115.72
2012–13'	60,000	40310	2647	42957	11881 (27.66%)	111.34
योग	**2,67,000**	**132975**	**72907**	**205924**		**538.95**

* आंकड़े दिनांक 31.12.2012 तक के हैं। राज्य–वार/समुदाय–वार उपलब्धि के ब्यौरे **अनुलग्नक–VII** में हैं।

अध्याय 9

मौलाना आजाद राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति

9.1 अल्पसंख्यक छात्रों के लिए मौलाना आजाद राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति को अनुमोदन 1 अगस्त, 2009 को मिला था। इस योजना को 11 अप्रैल, 2009 को केंद्र प्रायोजित योजना के तौर पर प्रारंभ किया गया था। इसे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के माध्यम से कार्यान्वित किया जाता है। इस योजना के अंतर्गत 100: केंद्रीय सहायता उपलब्ध कराई जाती है। मौलाना आजाद राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति का उद्देश्य, केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों को उच्चतर शिक्षा जैसे कि एम. फिल और पीएच.डी. जारी रखने के लिए आर्थिक सहायता के रूप में एकीकृत पांच वर्षीय अध्येतावृत्तियां उपलब्ध करवाना है। अध्येतावृत्ति में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से मान्यता प्राप्त सभी विश्वविद्यालय/संस्थान शामिल है। अल्पसंख्यक छात्रों के लिए मौलाना आजाद राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति के अंतर्गत अध्येतावृत्ति, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा अनुसंधान छात्रों को नियमित और पूर्ण कालिक एम0फिल और पीएच0डी0 करने के लिए दी जाने वाली अध्येतावृत्त के परिमान पर आधारित है। जेआरएफ/एसआरएफ के पुरस्कार के लिए अर्हता प्राप्त करने हेतु पूर्व–एम0फिल और पूर्व–पीएच0डी0 चरणों पर यूजीसी के प्रतिमानक, क्रमश:, स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 50% अंक प्राप्त करना शामिल है, लागू होंगें। अल्पसंख्यक छात्रों के लिए मौलाना आजाद राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति हेतु अभ्यर्थी के माता–पिता/अभिभावकों की आय सीमा ₹2.5 लाख प्रति वर्ष होगी।

9.2 योजनावधि (2012–17) के दौरान 12वीं पंचवर्षीय योजना में 3780 नई अध्येतावृत्तियों और नवीकरण प्रदान करने के लिए ₹430 करोड़ का परिव्यय उपलब्ध करवाया गया है। छात्राओं के लिए 30% अध्येतावृत्ति निर्धारित की गई है। दिनांक 31.12.2012 तक ₹66.00 करोड़ की राशि निर्मुक्त की गई थी।

9.3 अध्येतावृत्ति योजना में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए मंत्रालय निरंतर प्रयासरत रहा है। इस उद्देश्य हेतु अध्येतावृत्ति योजना से संबंधित बारंबार पूछे जाने वाले प्रश्न और आनलाईन आवेदन करने में मदद, यूजीसी की वेबसाईट पर अपलोड कर दी गई है। इसी तरह, यूजीसी द्वारा प्रदान की गई अध्येतावृत्तियों की सूची इसकी वेबसाइट अर्थात www.ugc.ac.in पर अपलोड की जा रही है।

अध्याय–10

निःशुल्क कोचिंग एवं सम्बद्ध योजना

10.1 ''अल्पसंख्यक समुदाय से अभ्यर्थियों के लिए "निःशुल्क कोचिंग एवं सम्बद्ध योजना" इस मंत्रालय द्वारा दिनांक 17.7.2007 से शुरू की गयी। इस योजना के दायरे को व्यापक बनाने के लिए इसे दिनांक 16.10.2008 से संशोधित किया गया था।

10.2 इस योजना का उद्देश्य अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों और अभ्यर्थियों के ज्ञान और कौशल में वृद्धि करना है ताकि वे सरकारी क्षेत्र/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों तथा निजी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त कर सकें तथा स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के तकनीकी और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में ख्यातिप्राप्त संस्थानों में प्रवेश पा सकें तथा पाठ्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए इन संस्थानों में सुधारात्मक कोचिंग प्राप्त कर सकें।

10.3 इस योजना के तहत, सरकारी और निजी क्षेत्र के कोचिंग संस्थानों को अल्पसंख्यक समुदाय के अभ्यर्थियों को निःशुल्क कोचिंग/प्रशिक्षण देने के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध करायी जाती है।

10.4 इस योजना का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक छात्रों/अभ्यर्थियों को अल्पसंख्यक समुदाय का होना चाहिए। उनके माता–पिता/अभिभावकों की समस्त स्त्रोतों से वार्षिक आय ₹2.50 लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए। छात्रों/अभ्यर्थियों के पास उस पाठ्यक्रम के लिए अपेक्षित शैक्षिक योग्यता होनी चाहिए, जिस पाठ्यक्रम की कोचिंग वह लेना चाहता/चाहती है।

10.5 इस योजना के अंतर्गत, ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना (2007–12) में 24,760 छात्रों/अभ्यर्थियों को परिधि में लेने के लिए ₹63 करोड़ के परिव्यय का प्रावधान किया गया था। इसके विपरीत 11वीं योजना के दौरान उपलब्धि 27876 छात्रों/अभ्यर्थियों के लिए ₹54.60 करोड़ थी। वित्तीय वर्ष 2012–13 के दौरान, इस योजना में ₹14.42 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इस मंत्रालय की चयन समिति ने 83 संस्थानों का चयन वित्त वर्ष 2012–13 में इस योजना के तहत 6000 छात्रों/अभ्यर्थियों को कोचिंग देने के लिए किया है। दिनांक 31 दिसम्बर, 2012 तक, वर्ष के दौरान ₹7.82 करोड़ की राशि निर्मुक्त की गई है, जिसमें 3826 अभ्यर्थियों के लिए 27 संस्थानों को प्रथम किश्त निर्मुक्त किया जाना शामिल है।

10.6 इस योजना से संबंधित सभी सूचनाएं इस मंत्रालय की वेबसाइट www.minorityaffairs.gov.in पर उपलब्ध है।

10.7 कोचिंग के प्रकार और प्रदान की जाने वाली वित्तीय सहायता का ब्यौरा नीचे तालिका में है:–

क्र. सं.	कोचिंग/प्रशिक्षण/ सुधारात्मक कोचिंग के प्रकार	कोचिंग/प्रशिक्षण/सुधारात्मक कोचिंग शुल्क	प्रतिमाह वृत्तिका राशि
1.	ग्रुप 'क' सेवाएं	संस्थान द्वारा यथानिर्धारित, अधिकतम सीमा ₹20,000/– के अध्यधीन।	बाहरी अभ्यर्थियों के लिए ₹1500 और स्थानीय अभ्यर्थियों के लिए ₹750
2.	ग्रुप 'ख' सेवाएं	संस्थान द्वारा यथानिर्धारित, अधिकतम सीमा ₹15,000/– के अध्यधीन।	–– तदैव ––
3.	ग्रुप 'ग' सेवाएं	संस्थान द्वारा यथानिर्धारित, अधिकतम सीमा ₹10,000/– के अध्यधीन।	–– तदैव ––
4.	पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षा	संस्थान द्वारा यथानिर्धारित, अधिकतम सीमा ₹20,000/– के अध्यधीन।	–– तदैव ––
5.	निजी क्षेत्र में नौकरियों के लिए कोचिंग	संस्थान द्वारा यथानिर्धारित, अधिकतम सीमा ₹20,000/– के अध्यधीन।	–– तदैव –
6.	पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्रों के लिए सुधारात्मक कोचिंग/शिक्षण	संस्थान द्वारा तकनीकी/व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्रों को अति. रिक्त टयूशन कक्षाओं के लिए यथाप्रभारित	लागू नहीं
7.	रेलवे तथा पुलिस/सुरक्षा बलों में आरक्षी और समकक्ष पदों पर भर्ती के लिए कोचिंग (अधिकतम पाँच दिन की अवधि के लिए)	समिति द्वारा निर्धारित और संस्थान द्वारा यथाप्रस्तावित सामान्य दरों पर	बाहरी अभ्यर्थियों के लिए ₹100/– प्रतिदिन और स्थानीय अभ्यर्थियों के लिए ₹50/– प्रतिदिन

अध्याय–11
अल्पसंख्यक महिलाओं में नेतृत्व–क्षमता विकास की योजना

महिला सशक्तीकरण क्षेत्र में "अल्पसंख्यक महिलाओं में नेतृत्व–क्षमता विकास" योजना अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की एक नई पहल है।

11.1 अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने वर्ष 2012–13 से इस योजना का कार्यान्वयन आरंभ किया है। इस योजना का लक्ष्य सभी स्तर पर सरकारी तंत्रों, बैंकों एवं अन्य संस्थानों के साथ संपर्क करने हेतु जानकारी, उपकरण एवं विधियां उपलब्ध कराते हुए महिलाओं का सशक्तीकरण करना तथा उनमें विश्वास जगाना है, ताकि वे घर और समुदाय की दहलीज से बाहर आने में सक्षम हो सके और नेतृत्व की भूमिका निभा सकें तथा सेवाओं, सुविधाओं, कौशलों और अवसरों के बारे में अपने अधिकारों के लिए सामूहिक रूप में और अलग–अलग प्रयास करें। साथ ही, अपने जीवन और रहन–सहन की दशाओं में सुधार लाने के लिए विकास संबंधी लाभों में अपने उचित हिस्से का दावा कर सकें।

11.2 लक्षित समूह अधिसूचित अल्पसंख्यक समुदायों यथा मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई, बौद्ध एवं पारसियों से संबंधित पात्र महिलाएं हैं। समाज में बहुलता के स्वरूप को सुदृढ़ करने तथा अपना भाग्य संवारने के उनके स्वयं के प्रयासों के माध्यम से समैक्य एवं एकता लाने के उद्देश्य से यह योजना गैर–अल्पसंख्यक समुदायों की महिलाओं, जो परियोजना प्रस्ताव के 25% से अधिक न हो, को शामिल करने की हिमायत करती है।

11.3 योजना का कार्यान्वयन पंजीकृत सिविल सोसायटियों, पब्लिक ट्रस्टों लाभ न कमाने वाली निजी लिमिटेड कम्पनियों, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/उच्च शिक्षण संस्थानों एवं केंद्रों और राज्य सरकार के प्रशिक्षण संस्थानों तथा पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थानों के माध्यम से किया जाता है।

11.4 पात्र संगठनों को सूचीबद्ध करने के प्रस्ताव हेतु मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय/राज्य समाचार–पत्रों में विज्ञापन देकर रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है। योजना दिशानिर्देशों के पैरा 14.1, 14.2, 14.3 एवं 14.4 के अनिवार्य मापदंडों के संबंध में, संगठन द्वारा प्रस्तुत की गई जानकारी को महत्व देते हुए समिति द्वारा इन्हें सूचीबद्ध किया जाता है। सूचीबद्ध होने के लिए संगठनों को न्यूनतम 70% अंक प्राप्त करना अपेक्षित है। यह विशेष मापदंड पर आधारित है। अतः इससे यह योजना उद्देश्यपरक बनती है। मंत्रालय की वेबसाइट में स्वीकृत और अस्वीकृत संगठनों की सूची प्रदर्शित की जाती है। इसके पश्चात, संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों से यह आग्रह किया जाता है कि वह सूचीबद्ध संगठनों की विश्वसनीयता की जांच यथार्थ रूप में करें और उनके परियोजना प्रस्तावों को निर्धारित आरूप और समय–सीमा में मंत्रालय को अग्रेषित करें। संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों से उचित अनुशंसाओं के साथ प्राप्त परियोजना प्रस्तावों पर सचिव (अ.का.) की अध्यक्षता में एक अंतर–मंत्रालयी संस्वीकृत समिति द्वारा विचार किया जाता है।

11.5 नेतृत्व क्षमता प्रशिक्षण मापदंड निरपवाद रूप से संविधान और विभिन्न अधिनियमों के तहत महिलाओं की शिक्षा, रोजगार, आजीविका आदि से जुड़े अधिकारों एवं समस्याओं तथा केंद्र सरकार और राज्य सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण, प्रतिरोधक क्षमता, परिवार नियोजन, रोग नियंत्रण, उचित दर दुकान, पेय जल आपूर्ति, विद्युत आपूर्ति, सफाई, आवास, स्व–रोजगार, दैनिक मजदूरी, कौशल प्रशिक्षण अवसर, महिलाओं पर अपराध आदि क्षेत्रों में उपलब्ध अवसर, सुविधाएं और सेवाएं शामिल होंगे।

11.6 योजना को कार्यान्वित करने वाले संगठन को प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिला वर्ग को पोषक/हैंडहोल्डिंग सेवा उपलब्ध कराने के लिए समय–समय पर गांवों/क्षेत्रों का दौरा करना आवश्यक होगा ताकि उन्हें सिखाए गए यंत्रों और तकनीकों के इस्तेमाल की जानकारी दे सकें और वे अपने प्रयास से लाभ प्राप्त कर सकें।

11.7 नेतृत्व–क्षमता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए संगठनों द्वारा अल्पसंख्यक आबादी की पर्याप्त प्रतिशत वाले ग्रामीण/शहरी क्षेत्रों के गांवों/शहरी स्थानों का चयन किया जाता है।

11.8 अल्पसंख्यक महिलाओं में नेतृत्व विकास के लिए प्रशिक्षण संचालन हेतु चयनित संगठन की यह जिम्मेदारी होगी कि वह अल्पसंख्यक बहुल आबादी वाले गांवों/क्षेत्रों से योजना के मानदंडों के अनुसार प्रशिक्षण हेतु महिलाओं को प्रेरित, पहचान एवं चयन करें। यद्यपि वार्षिक आय की कोई सीमा नहीं है, फिर भी उन महिलाओं को चयन में वरीयता दी जाएगी जिनके माता–पिता अथवा अभिभावक की सभी स्रोतों से वार्षिक आय ₹2.50 लाख से अधिक न हो। वह 18 वर्ष से 65 वर्ष आयु वर्ग के बीच की होनी चाहिए।

11.9 संगठन द्वारा वहां से आधार नम्बर एकत्र करना अपेक्षित है, जहां से जारी किए जा चुके हैं तथा प्रशिक्षण के लिए चयनित महिला के नाम के सामने इसका उल्लेख किया जाना चाहिए। मंत्रालय आधार नम्बर को अनिवार्य बनाने हेतु योजना बनाने के लिए कदम उठा रहा है।

11.10 इस योजना के अंतर्गत, मंत्रालय की सहायता से दो तरह के प्रशिक्षण नामतः गैर–आवासीय एवं आवासीय प्रशिक्षण चलाए जाते हैं, जिसमें प्रति बैच 25 महिलाएं होती हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम केवल एक हफ्ते का होता है।

11.11 मंत्रालय द्वारा गैर–सरकारी प्रशिक्षण के प्रति बैच ₹71550/– तथा आवासीय प्रशिक्षण के प्रति बैच ₹221250/– वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

11.12 प्रशिक्षण संगठन, जिलाधीश/उपायुक्त/उप–संभागीय अधिकारी/खंड विकास अधिकारी के सहयोग से जिला, उप–संभाग/ब्लॉक स्तर आदि पर पंचायती राज संस्थाओं सहित सरकारी संस्थाओं, बैंकरो आदि को सुग्राही बनाने के लिए कार्यशाला भी आयोजित कर सकता है। यह उनके द्वारा इस योजना के तहत चलाए जा रहे महिला सशक्तीकरण कार्यक्रम से संबंधित होना चाहिए।

11.13 अनुवीक्षण मंत्रालय के अधिकारियों, राज्य अधिकारियों तथा मंत्रालय द्वारा लगाई गई स्वतंत्र एजेंसियों द्वारा किया जाता है। संगठनों को मासिक/तिमाही प्रगति रिपोर्ट और परियोजना पूरा होने के आशय का रिपोर्ट मंत्रालय में प्रस्तुत करना अपेक्षित होता है। इसके अतिरिक्त, संगठन को ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जी.पी.एस.) आधारित मोबाइल फोन के माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रम के सभी मुख्य क्रियाकलापों की फोटो भेजना अपेक्षित होता है।

11.14 वर्ष 2012–13 के दौरान अब तक के बजट अनुमान, संशोधित अनुमान एवं निर्मुक्त निधियों के ब्यौरे निम्नानुसार हैः–

(करोड़ ₹ में)

वित्तीय वर्ष	बजट अनुमान	संशोधित अनुमान	व्यय (31.12.2012 तक)
2012–13	15.00	12.80	10.45

11.15 वर्ष 2012–13 के दौरान (31.12.2012 तक), 36950 महिलाओं को नेतृत्व क्षमता विकास प्रशिक्षण देने के लिए 12 राज्यों के 64 (चौंसठ) संगठनों को ₹10.45 करोड़ निर्मुक्त किये गये हैं। इन संगठनों तथा इनको निर्मुक्त निधियों का राज्य–वार/संघ राज्य क्षेत्र–वार ब्यौरा **अनुलग्नक–VIII** में है।

अध्याय–12

प्रचार सहित विकास से जुड़ी योजनाओं का अनुसंधान/अध्ययन, निगरानी और मूल्यांकन

12.1 अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय प्रचार सहित विकास से जुड़ी योजनाओं के अनुसंधान/अध्ययन, निगरानी और मूल्यांकन की केन्द्रीय क्षेत्र योजना के तहत उन संस्थानों/संगठनों को व्यावसायिक प्रभार प्रदान करता है जिन्हें विशेषज्ञता प्राप्त है और आधारभूत सर्वेक्षण/सर्वेक्षणों सहित अधिसूचित अल्पसंख्यकों की समस्याओं, मुद्दों और अपेक्षाओं पर प्रवीणता एवं उद्देश्यपूर्ण अध्ययन करने तथा अल्पसंख्यकों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के कार्यान्वयन संबंधी समवर्ती निगरानी करने के इच्छुक हैं।

12.2 संगठनों को कार्यशाला/सेमिनार/सम्मेलन आयोजित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है बशर्ते कि कार्यशाला/सेमिनार/सम्मेलन के विषय का मंत्रालय के अधिदेश से प्रत्यक्ष संबंध हो।

12.3 इस योजना के तहत अधिसूचित अल्पसंख्यकों के लिए चलाए जाने वाले कार्यक्रमों, योजनाओं एवं पहलों के संबंध में जागरूकता लाने हेतु सूचनाओं के प्रचार–प्रसार के लिए प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, आउटडोर पब्लिसिटी सहित मल्टीमीडिया अभियान का प्रावधान है।

12.4 वर्ष 2012–13 के दौरान, मंत्रालय के कार्यक्रमों का अनुसंधान अध्ययन, आधारभूत सर्वेक्षण, समवर्ती निगरानी, मूल्यांकन एवं प्रभावी मूल्यांकन के लिए 37 (सैंतीस) विशेषज्ञ संगठनों को पैनल में लिया गया है।

12.5 चालू वित्त वर्ष के दौरान 31.12.2012 तक, राष्ट्रीय स्तर पर क्रमशः अमेठी, अलीगढ़, देहरादून तथा हैदराबाद में अल्पसंख्यक महिला सशक्तीकरण, बहु–सांस्कृतिक एवं विधि, अल्पसंख्यकों के अधिकार को समझना, संविधान एवं विधि तथा धर्मनिरपेक्षवाद, अल्पसंख्यक अधिकार एवं संविधान नामतः विषयों पर चार कार्यशालाएं आयोजित की गई है। अमेठी में कार्यशाला राजीव गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ वेस्टलैंड एंड रूरल डेवलपमेंट, सुल्तानपुर और शेष तीन कार्यशालाएं रूरल लिटिगेशन एवं एनटाईटलमेंट केंद्र, देहरादून द्वारा आयोजित की गई थीं।

12.6 वर्ष 2012–13 के दौरान अनुमोदित मीडिया योजना के अनुसार मल्टी–मीडिया अभियान शुरू कर दिया गया था। अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू तथा अन्य स्थानीय भाषाओं सहित 1154 समाचार पत्रों में 31.12.2012 तक प्रिंट विज्ञापन दिये गये है। पूरे भारत में आकाशवाणी (एआईआर) एवं निजी एफएम चैनलों पर मंत्रालय की योजनाओं के बारे में श्रव्य–दृश्य स्पॉट्स एवं जिंगल्स प्रसारित कराए गए हैं। मंत्रालय की योजनाओं पर टीवी कामर्शियल क्षेत्रीय एवं उत्तर पूर्वी केंद्रों सहित दूरदर्शन नेटवर्क पर तथा उत्तर पूर्व में 61 थिएटर सहित पूरे भारत में 4475 थिएटरों के माध्यम से डिजिटल सिनेमा प्रसारित किये गये थे।

12.7 नैशनल फिल्म डेवलपमेंट कॉपोरेशन ने अल्पसंख्यकों पर प्रासंगिक 5 (पांच) डाक्यूमेंटरी फिल्मों का निर्माण पूरा कर लिया है। दूरदर्शन नेटवर्क पर 27/08/2012, 01/09/2012 तथा 02/11/2012 को मदर टेरेसा एवं सूफी संस्कृति पर डाक्यूमेंटरी फिल्मों का प्रसारण किया गया था।

12.8 बड़ी संख्या में वितरण करने के लिए मंत्रालय एवं इसके अधीनस्थ संगठनों की सभी योजनाओं/कार्यक्रमों के बारे में सूचना देने के लिए अंग्रेजी, हिंदी तथा उर्दू में नई पैंफलेट का मुद्रण किया गया है।

12.9 वर्ष 2012–13 के दौरान, बजट अनुमान, संशोधित अनुमान तथा अब तक निर्मुक्त निधियों के ब्यौरे निम्नानुसार हैः–

(करोड़ ₹ में)

वित्तीय वर्ष	बजट अनुमान			संशोधित अनुमान			व्यय(31.12.2012 तक)		
	अनुसंधान घटक	मीडिया घटक	कुल	अनुसंधान घटक	मीडिया घटक	कुल	अनुसंधान घटक	मीडिया घटक	कुल
2012–13	7.30	32.70	40.00	2.30	31.00	33.30	0.18	23.42	23.60

12.10 इस मंत्रालय के कार्यक्रमों/योजनाओं को विशेष रूप से लक्षित समूहों तक और सामान्य जनता तक पहुंचाने एवं सुलभ बनाने हेतु सभी प्रयास किए गए हैं।

12.11 वर्ष 2012–13 के दौरान (31.12.2012 तक), योजना के तहत अनुसंधान/अध्ययन तथा मल्टी–मीडिया अभियान के लिए विभिन्न एजेंसियों/संगठनों को ₹23.60 करोड़ रुपये निर्मुक्त किये गये है। एजेंसी/संगठन–वार ब्यौरे तथा उनको निर्मुक्त निधियां **अनुलग्नक–IX** में है।

अध्याय–13

पूर्वोत्तर राज्यों और सिक्किम में अल्पसंख्यक कल्याण कार्यक्रमों/स्कीमों का कार्यान्वयन

13.1 मंत्रालय को वर्ष 2012–13 के बजट अनुमान में विभिन्न योजनागत स्कीमों के लिए ₹3135 करोड़ आबंटित किए गए हैं, जिसे वर्ष 2012–13 के संशोधित अनुमान में घटाकर ₹2200 करोड़ कर दिया गया है।

पूर्वोत्तर राज्यों तथा सिक्किम के लिए योजना–वार निर्धारित धनराशि के ब्यौरे नीचे दिए गए हैं:–

क्रम सं.	योजना का नाम	निर्धारित राशि (करोड़ ₹ में)	
		बजट अनुमान 2012–13	संशोधित अनुमान 2012–13
1.	अल्पसंख्यकों के लिए निःशुल्क कोचिंग और सम्बद्ध योजना	2.00	1.40
2.	एनएमडीएफसी के कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में लगी राज्य चैनेलाइजिंग एजेंसियों को सहायता–अनुदान	0.20	0.06
3.	प्रचार सहित विकास योजनाओं के अनुसंधान/अध्ययन निगरानी और मूल्यांकन की योजना (व्यावसायिक सेवा)	0.30	0.30
4.	अल्पसंख्यक समुदायों के छात्रों के लिए राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति	7.00	6.60
5.	राज्य वक्फ बोर्डों के अभिलेखों का कम्प्यूटरीकरण	0.50	0.16
6.	अल्पसंख्यक महिलाओं में नेतृत्व–क्षमता विकास की योजना	1.50	1.30
7.	अल्पसंख्यकों के लिए मैट्रिक–पूर्व छात्रवृत्ति योजना	90.00	75.00
8.	अल्पसंख्यकों के लिए मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना	50.00	32.50
9.	अल्पसंख्यक बहुल चुनिन्दा जिलों में अल्पसंख्यकों के लिए बहुक्षेत्रीय विकास कार्यक्रम	111.10	70.00
10.	स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के व्यावसायिक तथा तकनीकी पाठ्यक्रमों के लिए मैरिट–सह–साधन आधारित छात्रवृत्ति	22.00	14.00
11.	एनएमडीएफसी की इक्विटी में अंशदान	10.00	10.00
12.	विदेशों में अध्ययन हेतु शैक्षिक ऋणों पर ब्याज सहायता	0.20	0.01
13.	कौशल विकास संबंधी पहलें	2.00	0.01
14.	संघ लोक सेवा आयोग/कर्मचारी चयन आयोग, राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रारंभिक परीक्षाओं को उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को सहायता	0.50	0.01
15.	राज्य वक्फ बोर्डों का सुदृढ़ीकरण	0.50	0.02
16.	251 नगरों/शहरों में से अभिज्ञात पिछड़े 100 अल्पसंख्यक बहुल नगरों/शहरों में शिक्षा संवर्धन योजना	5.00	0.01
17.	अल्पसंख्यक बहुल ब्लॉकों/अल्पसंख्यक बहुल जिलों द्वारा कवर न किये गये गांवों के लिए ग्रामीण विकास कार्यक्रम	5.00	0.01
18.	अल्पसंख्यक बहुल जिलों में जिला स्तरीय संस्थाओं को सहायता	2.50	0.01
19.	9वीं कक्षा की छात्राओं के लिए मुफ्त साइकिलें	0.50	0.01
	योग	**310.80**	**211.41**

13.2 पूर्वोत्तर क्षेत्र में रहने वाले अल्पसंख्यकों को सुलभता से ऋण उपलब्ध कराने पर राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम विशेष ध्यान देता है। अरूणाचल प्रदेश, मेघालय और सिक्किम को छोड़कर पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों में एनएमडीएफसी की योजनाओं का संचालन राज्य चैनेलाइजिंग एजेंसियों के माध्यम से किया जाता है। आवधिक ऋण और सूक्ष्म ऋण योजनाओं के अंतर्गत, प्रारंभ से लेकर दिनांक 31.12.2012 तक सम्पूर्ण देश में अल्पसंख्यकों को प्रदान किये गए ₹2078.46 करोड़ के ऋण में से पूर्वोत्तर क्षेत्र के 45,000 लाभार्थियों को ₹139.81 करोड़ (6.72%) प्रदान किये गये। वर्तमान वर्ष में, सम्पूर्ण देश के लिए किये गये कुल ₹440.05 करोड़ के आवंटन में से ₹43.94 करोड़ (9.98%) का आवंटन पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए किया गया है और पूर्वोत्तर क्षेत्र को दिनांक 31 दि. सम्बर, 2012 तक ₹9.50 करोड़ की राशि जारी की जा चुकी है।

अध्याय–14

राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम की राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों को सहायता–अनुदान की योजना

14.1 राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम (एनएमडीएफसी) अपनी योजनाओं का कार्यान्वयन राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों (एससीए) के माध्यम से करता है। ये एजेंसिया सम्बद्ध राज्य सरकारों द्वारा नामित की जाती हैं। राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियां लाभार्थियों की पहचान, ऋणों को सूत्रबद्ध और लाभार्थियों से वसूली का कार्य करती हैं। तथापि, अधिकांश राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों की अवसंरचना बहुत कमजोर है, जिस कारण उनकी वितरण प्रणाली भी कमजोर है। फलस्वरूप, एनएमडीएफसी के कार्य का विस्तार और कार्य निष्पादन में सुधार तब तक नहीं हो सकता जब तक इन एजेंसियों की अवसंरचना में सुधार न लाया जाए।

14.2 मंत्रालय ने वर्ष 2007–08 के दौरान राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों की अवसंरचना की स्थिति में सुधार के लिए उन्हें सहायता अनुदान देने की योजना शुरू की थी। इस योजना के अंतर्गत सहायता मैचिंग आधार पर प्रदान की जाती है, केंद्र और राज्य सरकार 90:10 के अनुपात में अंशदान करती हैं। मंत्रालय द्वारा इस योजना के लिए आबंटित और निर्मुक्त राशि के ब्यौरे निम्नानुसार हैं:

(करोड़ ₹ में)

वर्ष	बजट अनुमान	संशोधित अनुमान	मंत्रालय द्वारा निर्मुक्त राशि
2007–08	10.00	10.00	10.00
2008–09	5.00	2.30	0.00
2009–10	2.00	2.00	2.00
2010–11	4.00	4.00	3.83
2011–12	2.00	2.00	1.35
2012–13	2.00	0.60	0.00

अध्याय–15

आयुक्त भाषायी अल्पसंख्यक

15.1 राज्य पुनर्गठन आयोग की सिफारिश के अनुसार संविधान (सातवां संशोधन) अधिनियम, 1956 के परिणामस्वरूप, संविधान के अनुच्छेद 350–ख के प्रावधानों के अनुसरण में भाषायी अल्पसंख्यक आयुक्त (सीएलएम) के कार्यालय का गठन जुलाई, 1957 में हुआ था। अनुच्छेद 350–ख के अनुसार भाषायी अल्पसंख्यक आयुक्त का यह कर्तव्य होगा कि वे भारत में संविधान के अंतर्गत भाषायी अल्पसंख्यकों को प्रदत्त रक्षोपायों से संबंधित सभी मामलों की जांच करें और ऐसे अंतराल पर राष्ट्रपति को एक रिपोर्ट प्रस्तुत करें जैसा कि राष्ट्रपति निर्देश दें और राष्ट्रपति ऐसी सभी रिपोर्टों को संसद के प्रत्येक सदन में रखवाएंगे और इन्हें संबंधित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों, सरकारों/प्रशासनों को भी भिजवाएंगे। भाषायी अल्पसंख्यक आयुक्त का मुख्यालय इलाहाबाद में है, जिसके तीन क्षेत्रीय कार्यालय बेलगांव, चेन्नई और कोलकाता में हैं। भाषायी अल्पसंख्यक आयुक्त, भाषाजात अल्पसंख्यकों से संबंधित संवैधानिक उपबंधों और राष्ट्रीय स्तर पर तय रक्षोपायों के क्रियान्वयन के संबंध में राज्य सरकारों और संघ राज्य प्रशासनों से संपर्क करते हैं। अब तक भाषायी अल्पसंख्यक आयुक्त की 48 रिपोर्टों को संसद में पेश किया गया है।

श्री के. रहमान खान, माननीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री, भारत सरकार,
आयुक्त भाषायी अल्पसंख्यक संगठन के संबंध में डॉ0 नन्दलाल जोतवाणी की पुस्तक का विमोचन करते हुए

15.2 नोडल अधिकारियों और शिक्षा सचिवों का राष्ट्रीय सम्मेलन

"व्यापक विकास एवं राष्ट्रीय एकता हेतु भाषाजात अल्पसंख्यकों के लिए रक्षोपायों का क्रियान्वयन" के संबंध में नोडल अधिकारियों और शिक्षा सचिवों का राष्ट्रीय सम्मेलन दिनांक 28 सितम्बर, 2012 को इलाहाबाद में आयोजित किया गया था। राष्ट्रीय सम्मेलन में व्यापक विकास एवं राष्ट्रीय एकता के लिए बहु–भाषावाद एवं बहु–संस्कृतिवाद को बढ़ावा देने के लिए देश के भाषाजात अल्पसंख्यकों के संवैधानिक अधिकारों पर प्रकाश डाला गया।

उच्च–न्यायालय इलाहाबाद के पूर्व न्यायमूर्ति गिरिधर मालवीय तथा पूर्व न्यायमूर्ति एन.एन. गांगुली ने भारत में भाषाजात अल्पसंख्यकों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने में सीएलएम के प्रयासों की सराहना की।

15.3 अन्य क्रियाकलापः–

श्री के. रहमान खान, माननीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री, भारत सरकार ने दिनांक 08.11.2012 को नई दिल्ली में आयुक्त भाषाजात अल्पसंख्यक की पुस्तक ''सीएलएम संगठन का परिचय'' का विमोचन किया। इस अवसर पर बोलते हुए, माननीय मंत्री ने सीएलएम के कार्यों से संबंधित संवैधानिक उपबंधों के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया।

15.4 आयुक्त भाषाजात अल्पसंख्यक ने कम प्रचलित भाषाओं, कला एवं संस्कृति के संवर्धन के उद्देश्य से विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में भाषाजात अल्पसंख्यक एसोसिएशन को संबोधित किया।

15.5 आयुक्त भाषाजात अल्पसंख्यक ने भाषाजात अल्पसंख्यकों के संवैधानिक अधिकारों के क्रियान्वयन का मौके पर निरीक्षण करने के लिए कुछ राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने 12वीं पंचवर्षीय योजना को बनाते समय 'अल्पसंख्यकों के सशक्तिकरण' के संबंध में कार्य समूह तथा योजना आयोग, भारत सरकार की संचालन समिति की विभिन्न बैठकों में भी सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया।

अध्याय–16

राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग

16.1 भारत सरकार ने जनवरी, 1978 में, अल्पसंख्यकों के हितों की सुरक्षा के लिए विशेष आदेश के माध्यम से ''अल्पसंख्यक आयोग'' गठित किया था। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, 1992 के अधिनियमन के साथ ही अल्पसंख्यक आयोग एक सांविधिक निकाय बन गया और इसे पुनः ''राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग'' का नाम दिया गया।

16.2 पहले सांविधिक आयोग का गठन 17 मई 1993 को किया गया था। भारत सरकार ने 23 अक्तूबर, 1993 की अधिसूचना के माध्यम से राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, 1992 की धारा 2 (ग) के तहत पाँच धार्मिक समुदायों अर्थात मुस्लिमों, ईसाईयों, सिक्खों, बौद्धों तथा पारसियों को अल्पसंख्यक समुदायों के रूप में अधिसूचित किया था।

16.3 राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, 1992 की धारा 3(2) के अनुसार, आयोग में एक अध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष और ख्यातिप्राप्त तथा योग्य और सत्यनिष्ठा वाले व्यक्तियों में से केन्द्र सरकार द्वारा नामित पांच सदस्य होंगे, परन्तु अध्यक्ष सहित सभी 5 सदस्य अल्पसंख्यक समुदाय से होंगे। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, 1992 की धारा 4(1) के अनुसार अध्यक्ष सहित सभी सदस्य कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से 3 वर्ष की अवधि तक पद पर बने रहेंगे।

16.4 आयोग का मुख्य कार्य अल्पसंख्यक वर्ग के विकास की प्रगति का मूल्यांकन करना, अल्पसंख्यकों के हितों की सुरक्षा के लिए संविधान में उपबंधित और केन्द्र सरकार/राज्य सरकारों द्वारा अधिनियमित विधियों में दिए गए रक्षोपायों के कार्यकरण को मॉनीटर करना और अल्पसंख्यकों को उनके अधिकारों और रक्षोपायों से वंचित करने के संबंध में प्राप्त विशेष शिकायतों की जांच करना है। यह आयोग अल्पसंख्यक वर्ग के सामाजिक–आर्थिक और शैक्षिक विकास से संबंधित मुद्दों पर अध्ययन, अनुसंधान और विश्लेषण भी करता है और अल्पसंख्यकों के हितों के रक्षोपायों के प्रभावी कार्यान्वयन की अनुशंसा भी करता है।

16.5 वर्तमान आयोग का गठन निम्नलिखित व्यक्तियों को शामिल करके किया गया हैः–

1.	श्री वजाहत हबीबुल्लाह	:	अध्यक्ष
2.	डॉ एच० टी० संगलियाना	:	उपाध्यक्ष (कार्यकाल 14.12.2012 को समाप्त हो गया)
3.	रिक्त	:	05.03.2012 से
4.	श्री अजायब सिंह	:	सदस्य
5.	श्री विनोद शर्मा	:	सदस्य
6.	सुश्री सईदा बिलग्रामी इमाम	:	सदस्य (कार्यकाल 31.12.2012 को समाप्त हो गया)
7.	श्री केकी एन. दारूवाला	:	सदस्य

16.6 राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, 1992 की धारा 12 के अनुसार, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अपनी वार्षिक रिपोर्ट तैयार करता है और मंत्रालय को प्रस्तुत करता है। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, 1992 की धारा 13 के अनुसार, आयोग की वार्षिक रिपोर्ट और इसमें उल्लिखित केन्द्र सरकार से संबंधित सिफारिशों पर की गई कार्रवाई का ज्ञापन, इन सिफारिशों में से किसी सिफारिश को स्वीकार न किए जाने के कारणों सहित, यदि कोई हों, संसद के दोनों सदनों के समक्ष प्रस्तुत की जानी होती है। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम,

1992 की धारा 9 (3) के अनुसार, विभिन्न राज्य सरकारों/संघ राज्य प्रशासनों से संबंधित सिफारिशों को उन्हें आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजा जाता है। वर्ष 2010–11 के लिए आयोग की 18वीं वार्षिक रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

16.7 दिनांक 31 दिसम्बर, 2012 तक पूर्ववर्ती अल्पसंख्यक आयोग की 1978–79 से 1992–93 तक की चौदह (14) वार्षिक रिपोर्टें और सांविधिक आयोग की वर्ष 1993–94 से 2009–10 तक की सत्तरह (17) रिपोर्टें संसद में प्रस्तुत की जा चुकी हैं। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग की प्रथम तीन वार्षिक रिपोर्टों को इस मंत्रालय के गठन से पहले ही अनुवर्ती कार्रवाई ज्ञापन के साथ संसद के दोनों सदनों में रख दिया गया था। इस मंत्रालय के गठन के बाद की गई कार्रवाई ज्ञापन सहित 13 वार्षिक रिपोर्टों को उनमें की गई अनुशंसाओं के साथ संसद में रखा गया था। वर्ष 2010–11 के लिए आयोग की 18वीं वार्षिक रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

16.8 आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली, झारखंड, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, राजस्थान, मणिपुर, उत्तर प्रदेश, उत्तरांचल, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल राज्य सरकारों ने सांविधिक राज्य अल्पसंख्यक आयोगों का गठन कर लिया है। पंजाब राज्य सरकार ने असांविधिक आयोग का गठन किया है। मंत्रालय ने शेष राज्य सरकारों/संघ राज्य प्रशासनों से इन आयोगों का गठन करने का भी अनुरोध किया है।

16.9 राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग को संवैधानिक दर्जा देने के लिए दिसम्बर, 2004 में संविधान (एक सौ और तीसरा संशोधन) विधेयक, 2004 और राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग (निरसन) विधेयक, 2004 लोक सभा में प्रस्तुत किये गये। इसे संसदीय स्थायी समिति को भेज दिया गया था। समिति ने अपनी रिपोर्ट में यह सिफारिश की है कि बाल पाटिल बनाम संघ सरकार के मामले में उच्चम न्यायालय द्वारा की गयी समग्र टिप्पणियों को सरकार संविधान का एक सौ तीसरा (संशोधन) विधेयक, 2004 को अंतिम रूप देते समय ध्यान में रखे।

16.10 भारत के उच्चतम न्यायालय ने इस मामले के संबंध में दिनांक 08.08.2005 के अपने निर्णय में अन्य बातों के साथ–साथ निम्नलिखित निर्णय दिया है :

"अधिनियम की धारा 2(ग) के अधीन 'अल्पसंख्यक' होने के जैनों के दावों के संबंध में केन्द्र सरकार द्वारा निर्णय लिये जाने से पूर्व अब इसकी पहचान राज्य आधार पर करनी है।" उपर्युक्त निर्णय के परिप्रेक्ष्य में, स्थायी समिति की रिपोर्ट की जांच विधि और न्याय मंत्रालय सहित विभिन्न मंत्रालयों के परामर्श से की गयी। तत्पश्चात, विधेयक में आधिकारिक संशोधन किया गया। आधिकारिक संशोधनों को प्रस्तुत करने तथा इन विधेयकों पर विचार करने तथा उन्हें पारित करने की नोटिस प्रारंभिक तौर पर दिनांक 11.05.2007 को लोक सभा में दी गयी।

इसी बीच संविधान (एक सौ और तीसरा संशोधन) विधेयक, 2004 के संबंध में प्रस्तावित आधिकारिक संशोधनों के संबंध में कुछ अभ्यावेदन प्राप्त हुए, जिसमें संशोधनों के प्रति चिंता व्यक्त की गयी थी। इन अभ्यावेदनों की जांच विधि और न्याय मंत्रालय के परामर्श में की गयी। इन अभ्यावेदनों पर विचार करने तथा उन्हें पारित करने के लिए लोक सभा को दिनांक 05.2.2009 को पुनः नोटिस दी गयी। तथापि, 14वीं लोक सभा भंग हो जाने से इस नोटिस पर कार्रवाई नहीं हो पायी और आधिकारिक संशोधनों सहित ये दोनों विधेयक व्यपगत हो गये।

16.11 इसके अलावा, एनसीएम के अध्यक्ष ने एनसीएम अधिनियम में राष्ट्रीय मानवाधिकार अधिनियम, 1993 के अध्याय–III और IV को समाविष्ट करने का प्रस्ताव भेजा है, ताकि इसे और कारगर बनाया जा सके और अनुरोध किया कि संवैधानिक दर्जा दिए जाने के प्रस्ताव को आगे न बढ़ाया जाए।

अध्याय–17
वक्फ प्रशासन और केन्द्रीय वक्फ परिषद

17.1 यह मंत्रालय वक्फ अधिनियम, 1995 (पहले वक्फ अधिनियम, 1954) के कार्यान्वयन के लिए उत्तरदायी है, जो 01 जनवरी, 1996 से लागू है। यह अधिनियम जम्मू व कश्मीर राज्य को छोड़कर पूरे भारत में लागू है। इस अधिनियम के अंतर्गत जम्मू–कश्मीर को छोड़कर जिसका अपना अधिनियम है, 30 राज्यों ने वक्फ बोर्ड स्थापित कर लिए हैं। वक्फ अधिनियम, 1995 के अंतर्गत गठित राज्य/संघ राज्य वक्फ बोर्डों की सूची **अनुलग्नक–X** पर है।

राज्य वक्फ बोर्डों के अभिलेखों के कम्प्यूटरीकरण की योजना

राज्य वक्फ बोर्डों के अध्यक्षों एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ संवादात्मक बैठक।

17.2 वक्फ परिसंपत्तियां पूरे देश में फैली हैं, किन्तु अधिकांश राज्यों में वक्फ परिसंपत्तियों का प्रभावी सर्वेक्षण नहीं कराया गया है। अल्पसंख्यक समुदाय के कल्याणार्थ योजनाओं के लिए पर्याप्त आय सुनिश्चित करने हेतु वक्फ परिसंपत्तियों को व्यापक रूप से विकसित करने की संभावनाएं हैं।

17.3 वक्फ से संबद्ध संयुक्त संसदीय समिति ने अपने नौवें प्रतिवेदन में राज्य वक्फ बोर्डों के रिकार्डों के कम्प्यूटरीकण की अनुशंसा की थी।

17.4 वक्फ भूमि के रिकार्डों के रख–रखाव को कारगर बनाने, सामाजिक लेखा–परीक्षा शुरू करने और पारदर्शिता लाने तथा वक्फ बोर्डों के विभिन्न कार्यों/प्रक्रियाओं के कम्प्यूटरीकरण तथा एकल वेब आधारित केंद्रीकृत अनुप्रयोग विकसित करने की दृष्टि से केन्द्रीय वित्तीय सहायता से जम्मू और कश्मीर सहित राज्य वक्फ बोर्डों, के अभिलेखों के कम्प्यूटरीकरण की अनुशंसा वक्फ से संबद्ध संयुक्त संसदीय समिति द्वारा की गई थी। इस प्रस्ताव को 25

नवम्बर, 2009 को स्वीकृति मिली थी।

17.5 वक्फ परिसंपत्तियों के प्रबंध के कम्प्यूटरीकरण की योजना के व्यापक उद्देश्य हैं, जो इस प्रकार हैं –

क. परिसंपत्ति पंजीकरण प्रबंध;
ख. मुतवल्ली रिटर्न्स मैनेजमेंट;
ग. परिसंपत्तियों को पट्टे पर दिए जाने संबंधी प्रबंध;
घ. वाद निस्तारण प्रबंध;
ङ. प्रलेख आदान–प्रदान प्रबंध;
च. वक्फ परिसंपत्तियों की भौगोलिक सूचना प्रणाली संबंधी प्रबंध; मस्जिदों, दरगाहों, कब्रिस्तानों, इमामों, मुअज्जिनों, विधवाओं, बालिका विवाहों, छात्रवृत्तियों, स्कूलों, अस्पतालों, औषधालयों, मुसाफिरखानों, कौशल विकास केन्द्रों आदि से संबंधित निधियों का प्रबंध; और
छ. शहरी वक्फ परिसंपत्तियों के विकास के लिए ऋण प्रबंध।

17.6 कम्प्यूटरीकरण की योजना एक समान रूप से जम्मू और कश्मीर वक्फ बोर्ड सहित सभी 29 राज्य वक्फ बोर्डों के लिए लागू होगी, जिसके लिए निधियों की उपलब्धता के अध्यधीन वित्तपोषण के लिए विशेष अनुरोध किया जाएगा। इस परियोजना के कार्यों को वास्तविक रूप से संभालने के लिए राज्य वक्फ बोर्डों द्वारा कुछ कम्प्यूटर कार्मिकों को किराये पर लेने तथा नई प्रणाली को स्थिर करने और वक्फ बोर्डों के कार्मिकों को प्रशिक्षित करने के लिए उन्हें न्यूनतम वित्तीय सहायता देते हुए दो वर्षों की अवधि के लिए हैंड–होल्डिंग सहायता दी जाएगी। दिनांक 31.12.2012 तक वर्ष के दौरान, योजना के अधीन ₹0.70 करोड़ की राशि निर्मुक्त की जा चुकी है। केन्द्रीय गणक सुविधा केंद्र (सीसीएफ) की व्यवस्था 25 राज्य वक्फ बोर्डों में की गयी है तथा डाटा प्रविष्टि का कार्य भी प्रगति पर है। केंद्रीय डाटा बेस में 1,82,233 वक्फ संपत्तियों का पंजीकरण किया गया है। 77,826 वक्फ अभिलेखों के अंकीकरण की तैयारी भी पूर्ण कर ली गई है तथा 2 राज्य वक्फ बोर्डों के अभिलेखों का अंकीकरण कार्य पूरा कर लिया गया है। 2 राज्य वक्फ बोर्डों में सीसीएफ स्थापित करने का कार्य पूरा होने वाला है।

केन्द्रीय वक्फ परिषद

17.7 देश में औकाफ के समुचित संचालन और राज्य वक्फ बोर्डों की कार्यप्रणाली से जुड़े मुददों पर भारत सरकार को सलाह देने के मुख्य उद्देश्य से वक्फ अधिनियम, 1954 (अब वक्फ अधिनियम, 1995 की धारा–9 की उपधारा–1 के रूप में पठित) की धारा 8क के उपबंधों के तहत भारत सरकार द्वारा 1964 में केंद्रीय वक्फ परिषद की सांविधिक निकाय के रूप में स्थापना की गई थी। परिषद का एक अध्यक्ष है, जो केंद्रीय वक्फ प्रभारी मंत्री हैं। इस समय श्री के0 रहमान खान, अल्पसंख्यक कार्य मंत्री, भारत सरकार केंद्रीय वक्फ परिषद के अध्यक्ष हैं। परिषद में वक्फ अधिनियम में यथा उल्लिखित विभिन्न श्रेणियों से 20 अन्य सदस्य हैं। वर्तमान परिषद का गठन दिनांक 12.05.2011 को पांच वर्षों की अवधि के लिए किया गया था।

संकल्पना

17.8 वक्फ की सुरक्षा, संरक्षण, प्रभावी संचालन, ई–मानीटरिंग तथा पोषणीय उपयोग।

मिशन

17.9 वक्फ की सुरक्षा, वक्फ संपत्तियों की पुनः पारित, वक्फ के विकास हेतु योजना का सुदृढ़ीकरण, नए वक्फ की बेहतरी और सृजन हेतु कानून बनाने में पूर्व–सक्रिय भूमिका निभाना।

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान सलाहकारी भूमिका

17.10 राज्य वक्फ बोर्ड के अभिलेखों के कंप्यूटरीकरण की योजना के अंतर्गत, केंद्रीय वक्फ परिषद को राष्ट्रीय सूचना–विज्ञान केंद्र (एनआईसी) के समन्वय से भारत सरकार में वक्फ प्रबंध प्रणाली (वामसी) के संबंध में सुग्राहक की भूमिका निभाने का अधिदेश प्राप्त है। परिषद में संस्थापित केंद्रीय गणक सुविधा–केंद्र (सीसीएफ) का माननीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री एवं अध्यक्ष, केंद्रीय वक्फ परिषद द्वारा दिनांक 28.12.2012 को उद्घाटन किया गया था।

17.11 परिषद अपने उद्देश्यों के अनुसार, मुद्दों पर कार्रवाई करने के साथ–साथ निम्नलिखित योजनाओं के कार्यान्वयन के माध्यम से समाज की विकास प्रक्रिया में भी भाग लेता आ रहा है:–

(i) शहरी वक्फ परिसंपत्तियों के विकास की योजना:

परिषद के उद्देश्यों के अनुसार, मुद्दों पर कार्रवाई करने के साथ–साथ, यह समुदाय की बेहतरी के लिए कल्याण योजनाओं के क्रियान्वयन के माध्यम से समुदाय की विकास प्रक्रिया में भी भाग लेता आ रहा है।

1975 से, परिषद ने वक्फ संस्थानों के संसाधनों में वृद्धि करने, समुदाय के लाभार्थ अपने कल्याण कार्यकलापों को बढ़ाने में समर्थ बनाने के उद्देश्य से वाणिज्यिक तर्ज़ पर वक्फ संपत्तियों का विकास करने के लिए भारत सरकार की ओर से प्राप्त सहायता–अनुदान की योजना की शुरूआत की। ये परियोजनायें कई राज्यों में चलाई गईं। योजना के अंतर्गत भारत सरकार ने ₹39.85 करोड़ की राशि का कुल सहायता–अनुदान निर्मुक्त किया।

(ii) रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान हुई प्रगति

निम्नलिखित औकाफ को दिनांक 31.12.2012 तक ₹2.88 करोड़ की राशि का सहायता–अनुदान जारी किया गया है:–

क्रम सं0	परियोजनाओं के नाम	राशि (लाख ₹ में)
1.	डॉ0 ज़ाकिर हुसैन कॉलोनी, मुस्लिम जमात, मुलगुंडा, नाका गदग (कर्नाटक) की विकास परियोजना	27.00
2.	मिल्लत सोशल वेल्फेयर एंड एज्यूकेशन सोसायटी, बेतगिरी, गदग (कर्नाटक) की विकास परियोजना	45.00
3.	अज़ीज़र्रहमान खान वक्फ नं0 19–क, रामपुर (उत्तर प्रदेश) की विकास परियोजना	27.00
4.	इंजीनियरिंग कॉलेज नूह, मेवात, हरियाणा की विकास परियोजना	65.00
5.	मुस्लिम हॉस्टल, सरस्वतीपुरम, कर्नाटक की विकास परियोजना	22.00
6.	महमूदा शिक्षा और ग्रामीण विकास बहु–उद्देश्यीय वक्फ संस्था, नागपुर, महाराष्ट्र की विकास परियोजना	35.00
7.	हैदरिया मस्जिद महल्लू कमेटी ओट्टपालम, केरल की विकास परियोजना	12.00
8.	वक्फ अखाड़ा मस्जिद, देवास (मध्य प्रदेश) की विकास परियोजना	20.00
9.	मस्जिद–ए–उम्मुल हुसनैन, इंदिरा नगर, बंगलुरू (कर्नाटक) की विकास परियोजना	35.00
	योग	**288.00**

(iii) लघु परियोजनाएंः

शहरी वक्फ परिसंपत्तियों के विकास की योजना में ऋण अदायगी तथा बकाया ऋण पर 4% की दर पर दान देने की परिकल्पना की गई है। वापस चुकाई गई ऋण राशि से परिषद की परिक्रामी निधि का निर्माण होता है, जिसे पुनः ₹50.00 लाख तक की लघु परियोजनाओं के लिए ऋण देने में उपयोग में लाया जाता है। परिषद राज्य वक्फ बोर्डों को ₹50.00 लाख तक के ऋण वाली और विकासात्मक परियोजनाओं को शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करती रही है। योजना के अंतर्गत, परिषद ने 91 परियोजनाओं के लिए ₹5.29 लाख की राशि का ऋण दिया है।

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान, पट्टीहारा जुम्मा मस्जिद, ओट्टपालम, पालक्कड, केरल की विकास परियोजना के लिए उक्त योजना के अंतर्गत ₹25.00 लाख की राशि मंजूर की है।

(iv) शैक्षिक योजनाएंः

केंद्रीय वक्फ परिषद गैर–सरकारी संगठनों तथा तकनीकी संस्थानों को अनुदान देते हुए, स्कूल पुस्तकालयों आदि में पुस्तक बैंक का विकास करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करते हुए, आईटीआई और व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना और सुदृढ़ीकरण सरीखे विभिन्न वित्तीय सहायता कार्यक्रमों का संचलान करते हुए समुदाय के सामाजिक और कल्याण संबंधी कर्त्तव्यों का निष्पादन करने में सक्रिय रूप से शामिल रही है।

रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान, विभिन्न कार्यक्रमों के लिए ₹49.60 लाख का अनुदान स्वीकृत/निर्मुक्त किया गया था।

अध्याय–18

दरगाह ख्वाजा साहेब अधिनियम, 1955

18.1 राजस्थान के अजमेर में ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह एक विश्व प्रसिद्ध वक्फ है। दरगाह ख्वाजा साहेब अधिनियम, 1955 में दरगाह ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती (आर.ए.) को प्राप्त धर्मार्थ दान के प्रशासन, नियंत्रण और प्रबंधन की व्यवस्था है। इस केन्द्रीय अधिनियम के अंतर्गत, दरगाह के स्थायी निधि के प्रशासन, नियंत्रण और प्रबंधन दरगाह समिति के रूप में विदित है। उक्त अधिनियम और उसके उपनियम वेबसाइट www.gharibnawaz.in पर उपलब्ध हैं। दरगाह समिति का गठन 24 अगस्त, 2007 को किया गया था, जिसका कार्यकाल दरगाह ख्वाजा साहेब अधिनियम, 1955 के अनुसार 05 वर्षों की अवधि पूर्ण होने के पश्चात् 23 अगस्त, 2012 को समाप्त हो गया है। नई समिति का गठन किया जा रहा है।

18.2 दरगाह समिति के कार्य और शक्तियां

- दरगाह को प्राप्त धर्मार्थ दान का प्रशासन, नियंत्रण और प्रबंधन।
- दरगाह शरीफ की चार दीवारी के भीतर के भवनों तथा सभी मकानों, दुकानों की उचित देखभाल तथा उन्हें अच्छी हालत में रखना।
- दरगाह को प्राप्त धर्मार्थ दान की समस्त राशि और अन्य आय प्राप्त करना।
- यह देखना कि धर्मार्थ प्राप्त दान की राशि दानदाताओं की इच्छा के अनुरूप खर्च की जाती हैं।
- दरगाह को प्राप्त धर्मार्थ दान की आय अथवा राजस्व की ओर से देय या उस पर प्रभारित सभी अन्य का भुगतान करना और वेतन भत्ते तथा अनुलाभ का भुगतान करना।
- खादिमों के विशोषाधिकारों को निर्धारित करना तथा यदि समिति इसे आवश्यक मानती है तो उन्हें उनकी ओर से लाईसेंस प्रदान कर दरगाह में उनकी उपस्थिति नियमित करना।
- सलाहकार समिति की शक्तियों और कर्त्तव्यों को निर्धारित करना।
- दरगाह के साथ मिलकर सजदानशीन द्वारा प्रयोग की जानी वाली शक्तियों और कार्यप्रणाली का निर्धारण।
- दरगाह के कर्मचारियों की नियुक्ति, उनका निलंबन तथा उनकी बर्खास्तगी।
- ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के गरीब वंशजों और उनके परिवारों तथा भारत में रह रहे गरीब खादिमों और उनके परिवारों को शिक्षा और गुजारा के लिए वे प्रावधान करना जिसे समिति दरगाह की वित्तीय स्थिति के अनुरूप सुसंगत समझे।
- जैसा समिति उचित समझे, नाजिम को कार्य और शक्तियां प्रदान करना।
- अन्य सभी कार्य करना जो दरगाह के दक्ष प्रशासन के लिए अनुषंगी अथवा सहायक हों।

18.3 उर्स तथा धर्म संघों का प्रबंधन :

मई, 2012 के वार्षिक उर्स और दिसम्बर, 2012 के लघु उर्स (मुहर्रम) का सफलतापूर्वक प्रबंध किया गया। दरगाह समिति, राजस्थान सरकार और जिला प्रशासन, अजमेर द्वारा अवसंरचनात्मक प्रबंध किया गया था।

अध्याय–19

राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम (एनएमडीएफसी)

19.1 राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम (एनएमडीएफसी) का गठन अल्पसंख्यकों के पिछड़े वर्गों में आर्थिक तथा विकासात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 30 सितम्बर, 1994 को कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 25 के अंतर्गत गैर–लाभकारी कंपनी के रूप में किया गया था। एनएमडीएफसी दोगुनी गरीबी रेखा से नीचे की पारिवारिक आय, जो इस समय शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए क्रमशः ₹55000 वार्षिक और ₹40000 वार्षिक है, वाले अल्पसंख्यक समुदायों के लोगों को स्व–रोजगार क्रियाकलापों और आय सृजक क्रियाकलापों के लिए रियायती वित्त प्रदान करता है। एनएमडीएफसी निम्नलिखित के द्वारा ऋण उपलब्ध कराता है (i) संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों द्वारा नामित राज्य चैनेलाइजिंग एजेंसियों (एससीए) के माध्यम से और (ii) गैर–सरकारी संगठनों (एनजीओ) के माध्यम से। एनएमडीएफसी द्वारा चलाई जाने वाली योजनाएं निम्नलिखित है:–

(i) वैयक्तिक लाभग्राही के लिए सावधि ऋण योजना का कार्यान्वयन एससीए के माध्यम से किया जाता है, जबकि ₹5.00 लाख तक की लागत की परियोजनाओं को वित्तीय सहायता दी जाती है। इसके लिए 3% की ब्याज दर पर एससीए को निधि उपलब्ध कराई जाती है, ताकि लाभार्थियों को 6% की दर से और ऋण दिया जा सके।

(ii) एनएमडीएफसी द्वारा राज्य चैनेलाइजिंग एजेंसियों के माध्यम से शैक्षिक ऋण योजना कार्यान्वित की जा रही है। इस योजना के तहत एनएमडीएफसी व्यावसायिक और तकनीकी शिक्षा जारी रखने के लिए योग्य अल्पसंख्यक अभ्यर्थियों को 3% वार्षिक की रियायती ब्याज दर पर ₹2,50,000 उपलब्ध कराता है। शैक्षिक ऋण के लिए एससीए को 1% पर निधियां उपलब्ध करायी जाती हैं, जिसे वह आगे लाभार्थी को 3% की वार्षिक ब्याज दर पर ऋण देते हैं।

(iii) माइक्रो फाइनेंसिंग स्कीम के अंतर्गत, ₹25,000 तक के माइक्रो ऋण, एनजीओ के माध्यम से अल्पसंख्यक स्व–सहायता समूहों के प्रत्येक सदस्य को दिए जा रहे हैं। इस उद्देश्य के लिए एनजीओ/एससीए को 1% की दर से निधि उपलब्ध कराई जाती है, जिसे 5% प्रतिवर्ष की ब्याज दर से आगे ऋण के रूप में दिया जाता हैं।

(iv) इसके अतिरिक्त, एनएमडीएफसी स्वरोजगार और मजदूरी रोजगार के लिए लक्षित समूहों के क्षमता निर्माण हेतु राज्य चैनेलाइजिंग एजेंसियों के माध्यम से व्यावसायिक प्रशिक्षण और विपणन सहायता की योजनाओं का कार्यान्वयन कर रहा है।

19.2 अपने कार्यक्रमों को कार्यान्वित करने के लिए, एनएमडीएफसी के पास ₹1500 करोड़ की प्राधिकृत अंशपूंजी है, जिसमें से भारत सरकार का हिस्सा ₹975.00 करोड़ है (65%) और राज्य सरकारों का हिस्सा ₹390.00 करोड़ (26%) है, जबकि शेष ₹135.00 करोड़ (9%) अल्पसंख्यकों में रूचि रखने वाले व्यक्तियों/संस्थानों द्वारा अंशदान दिया जाना होता है।

19.3 भारत सरकार ने शुरुआत से 31.12.2012 तक एनएमडीएफसी की इक्विटी में ₹975 करोड़ (100%) का अंशदान दिया है, जबकि ₹219.47 करोड़ (56.27%) विभिन्न राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा दिया गया है। अल्पसंख्यकों में रूचि रखने वाले संस्थानों/व्यक्तियों द्वारा ₹0.01 करोड़ दिया गया है।

19.4 उपलब्धियां

क. प्रारंभ से दिनांक 31.12.2012 तक एनएमडीएफसी ने 28 राज्यों और 4 संघ राज्य क्षेत्रों में **3,77,575 लाभार्थियों** को **₹1589.67 करोड़** की लघु ऋण सहायता दी है। मौजूदा वित्त वर्ष 2012–13 में 31 दिसम्बर, 2012 तक **9739 लाभार्थियों** को **₹93.00 करोड़** की राशि संवितरित की गयी है।

ख. प्रारंभ में वर्ष 1998–99 से माइक्रो वित्त प्रबंध नामक योजना का एनएमडीएफसी द्वारा कार्यान्वयन एनजीओ के माध्यम से किया गया और बाद में इसके कार्यान्वयन में एससीए को शामिल किया गया। इसके गठन से दिनांक 31.12.2011 तक **4,76,469** लाभार्थियों को माइक्रो वित्त योजना के अंतर्गत कुल **₹488.82** करोड़ संवितरित किए जा चुके हैं। चालू वित्त वर्ष 2012–13 में दिनांक 31 दिसम्बर, 2012 तक **40998 लाभार्थियों** के लिए एनजीओ/एससीए को **₹92.25 करोड़ का माइक्रो ऋण** संवितरित किया जा चुका है।

ग. अपने गठन से लेकर 31 दिसम्बर, 2012 तक, निगम द्वारा **8,54,046 लाभार्थियों को ₹2078.49 करोड़** की समेकित राशि संवितरित की गई है। चालू वित्त वर्ष में दिनांक 31.12.2012 तक 50737 लाभार्थियों के लिए **₹185.25 करोड़** की समेकित राशि वितरित की गई है।

घ. वर्ष 2007–08 में मंत्रालय द्वारा राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों को उनकी अवसंरचना सुदृढ़ करने के लिए सहायता अनुदान देने की एक योजना शुरू की गई थी। इस योजना के अंतर्गत, सहायता जागरूकता अभियानों, वितरण प्रणाली में सुधार, मानव शक्ति को प्रशिक्षण, ऋण वसूली आदि के लिए एससीए को सहायता प्रदान की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत, सहायता बराबर आधार पर है, केन्द्र और राज्य सरकारों को 90:10 अनुपात में अंशदान करना होता है। वित्तीय वर्ष 2011–12 के दौरान ₹1.35 करोड़ की राशि जारी की जा चुकी है। वर्ष 2012–13 के लिए, इस योजना हेतु ₹2.00 करोड़ की राशि स्वीकृत की गयी है।

ङ. राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम की वर्ष 2011–12 की वार्षिक रिपोर्ट और लेखा परीक्षित लेखाओं को लोक सभा में 20 दिसम्बर, 2012 को और राज्य सभा में 17 दिसम्बर, 2012 को प्रस्तुत किया गया था।

19.5 एनएमडीएफसी के कार्यक्रम और योजनाओं और इसके प्रचालन को और सुदृढ़ करने तथा कवरेज को और अधिक विस्तृत करने के लिए, मंत्रालय ने कैबिनेट के अनुमोदन से 'एनएमडीएफसी के पुनर्गठन' की कार्रवाई की है। पुनर्गठन के प्रस्ताव पर विस्तार से कार्य करने के लिए एक परामर्शदाता नियुक्त किया गया था। परामर्शदाता ने अपनी अंतिम रिपोर्ट जुलाई, 2011 में प्रस्तुत कर दी थी। इसके पश्चात मंत्रालय ने कैबिनेट द्वारा दिए गए दिशा–निर्देशों को ध्यान में रखते हुए, परामर्शदाताओं द्वारा दिए गए सुझावों और भारतीय रिजर्व बैंक के वर्तमान नियमों और दिशा–निर्देशों ध्यान में रखते हुए, एनएमडीएफसी के पुनर्गठन को अंतिम रूप देने हेतु एक उच्च–स्तरीय समिति (एचएलसी) गठित की, जिसके सदस्य वित्त सेवाएं विभाग, नाबार्ड और भारतीय रिजर्व बैंक से थे। एचएलसी की अंतिम रिपोर्ट उस समय के अल्पसंख्यक कार्य मंत्री द्वारा अनुमोदित की गई थी। एचएलसी की अनुशंसाओं के आधार पर, कैबिनेट के लिए एक ड्राफ्ट नोट अंतर–मंत्रालयीय विचार–विमर्श के लिए परिचालित किया गया था। तथापि, योजना आयोग और व्यय विभाग (वित्त मंत्रालय) के सुझावों पर, की ईएफसी का अनुमोदन पहले प्राप्त किया जाना चाहिए, एक ईएफसी ज्ञापन बनाने की प्रक्रिया जारी है।

अध्याय–20

मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठान

20.1 भूमिकाः

मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठान एक स्वैच्छिक, गैर–राजनैतिक, गैर–लाभकारी समाज सेवा संगठन है, जिसकी स्थापना शैक्षिक रूप से पिछड़े अल्पसंख्यकों के बीच शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए की गई है। जुलाई, 1989 में, सोसाइटी के रूप में सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अधीन इसका पंजीकरण किया गया था।

20.2 मुख्य उद्देश्यः

इस प्रतिष्ठान का मुख्य उद्देश्य विशेषतः शैक्षिक तौर पर पिछड़े अल्पसंख्यकों और सामान्यतः कमजोर वर्गों के लाभ के लिए शैक्षिक योजनाएं तैयार करना और उन्हें लागू करना है।

20.3 एमएईएफ की संरचनाः

अल्पसंख्यक कार्य मामलों के केन्द्रीय मंत्री इस प्रतिष्ठान के पदेन अध्यक्ष हैं। प्रतिष्ठान के सामान्य निकाय में 15 सदस्य हैं, जिनमें 6 पदेन सदस्य और 9 नामित सदस्य होते हैं जिन्हें अध्यक्ष द्वारा नामित किया जाता है। इसके कार्यों का प्रबंधन इसके शासी निकाय के सुपुर्द है, जिसमें छः सदस्य होते हैं, इसमें अध्यक्ष–एमएईएफ, उपाध्यक्ष–एमएईएफ, खजांची–एमएईएफ, भी शामिल है और तीन सदस्य सामान्य निकाय में से चुने जाते हैं।

20.4 एमएईएफ के संसाधनः

इसके आय का एकमात्र साधन एमएईएफ की संचित निधि से निवेश पर अर्जित ब्याज है।

संचित निधिः

एमएईएफ ने भारत सरकार से संचित निधि के रूप में कुल 750 करोड़ ₹ प्राप्त किए हैं, जिन्हें बैंकों में सावधि जमा के रूप में निवेशित रखा गया गया है और इससे मिलने वाले ब्याज का उपयोग एमएईएफ की शैक्षिक योजनाओं के कार्यान्वयन में किया जाता है।

एमएईएफ ने एचपीसीएल, सेल और आईडीबीआई बैंक से संचित निधि के लिए 12 लाख ₹ का अंशदान भी प्राप्त किया है।

20.5 मौजूदा शैक्षणिक योजनाएंः एमएईएफ निम्नलिखित दो मुख्य योजनाएं कार्यान्वित कर रहा हैः

20.5.1 एनजीओ को सहायता अनुदानः शैक्षणिक संस्थानों के अवसंरचना विकास के लिए एमएईएफ सहायता–अनुदान उपलब्ध कराता है।

- स्कूलों/बीएड कॉलेजों/वीटीसी/आईटीआई/पॉलिटेक्निक और छात्रावास भवनों का निर्माण/विस्तार
- विज्ञान/कम्प्यूटर प्रयोगशाला उपकरण/फर्नीचर की खरीद।

- तीन साल से चल रहे और मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान, जिसमें 50% से अधिक अल्पसंख्यक छात्र हैं, का प्रबंधन करने वाले एनजीओ आवेदन कर सकते हैं।
- उच्चतम सीमा ₹ 30 लाख है।

20.5.2 मौलाना आजाद राष्ट्रीय छात्रवृत्ति अल्पसंख्यको से संबंधित मेधावी छात्राओं के लिए: छात्रवृत्ति अल्पसंख्यकों से संबंधित छात्राओं को ₹12 हजार प्रति छात्रा की दर से (₹6,000 की दो किस्तों में) निम्नलिखित मापदंडों के आधार पर दी जाती है।

- दसवीं कक्षा में न्यूनतम 55% अंकों के साथ उत्तीर्ण होना।
- 11वीं कक्षा में स्थायी दाखिला होना।
- माता/पिता की वार्षिक आय ₹1 लाख प्रतिवर्ष से कम होना।
